सोमवार, 5 मई 2025

मौसम

तापमान 34 – 26
आर्द्रता 70%
सूर्योदय: 5:02 सूर्यास्त: 18:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** मुस्कुराहट होठों से निकलती है, किन्तु प्रसन्नता हृदय से निकलती है।




संस्कृत वैज्ञानिक भाषा, नासा ने इस पर शोधपत्र लिखे हैं: रेखा गुप्ता –पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत पर बुरी नजर रखने वालों को 'मुंहतोड़ जवाब' देना मेरी जिम्मेदारी : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को ''मुंहतोड़ जवाब'' देना उनकी जिम्मेदारी है। सिंह की यह टिप्पणी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आयी है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह ''जोखिम उठाते'' हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कुछ भी स्पष्ट किये बिना कहा, ''मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप जो चाहते हैं, वह निश्चित रूप से होगा।'' सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के सीमापार संबंधों के मद्देनजर पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। उक्त हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। सिंह ने कहा, ''रक्षा मंत्री के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर काम करूं और देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं सशस्त्र बलों के साथ मिलकर उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब दूं, जो हमारे देश पर बुरी नजर रखते हैं।'' राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां ''सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव'' में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'देश की आत्मा की रक्षा' में संतों और आध्यात्मिक नेताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एक सैनिक ''रणभूमि'' में लड़ता है, जबकि एक संत ''जीवनभूमि'' में लड़ता है। सिंह ने कहा कि भारत की ताकत केवल इसकी सशस्त्र सेनाओं में ही नहीं, बल्कि इसकी संस्कृति और आध्यात्मिकता में भी निहित है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी भूमि है जो अर्जुन जैसे योद्धा के लिए जानी जाती है, लेकिन इसने दुनिया को भगवान बुद्ध जैसे संत भी दिए हैं। सिंह ने कहा, ''यह एक ऐसा देश है जहां तलवार को तपस्या से शुद्ध किया जाता है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि 2047 तक ''विकसित भारत'' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश को हर तरह से मजबूत बनना होगा। उन्होंने कहा, ''हम तभी सही मायने में विकसित भारत बन पाएंगे, जब हम आर्थिक के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत होंगे।'' पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा था, ''सरकार हर वह कदम उठाएगी जो आवश्यक और उचित होगा।'' उन्होंने कहा था, ''हम न केवल इस घटना को अंजाम देने वालों का पता लगाएंगे, बल्कि हम उन लोगों तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची है।'' रक्षा मंत्री ने कहा था कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमले में शामिल लोगों को जल्द ही कड़ा जवाब दिया जाएगा और भारत ऐसी आतंकवादी गतिविधियों से डरने वाला नहीं है।

## उच्चतम न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। कुछ सप्ताह पहले सरकार ने शीर्ष अदालत के प्रश्नों के मद्देनजर इस विवादास्पद कानून के दो मुख्य बिंदुओं के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने 17 अप्रैल को न्यायालय को सूचित किया था कि वह मामले की सुनवाई की अगली तारीख पांच मई तक ''वक्फ बाय यूजर'' सहित अन्य वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्तियां करेगा। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ से कहा था कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के बाद पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

## सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद भारत ने बगलिहार बांध से जल प्रवाह रोका

**नयी दिल्ली :** भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है और झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी इसी तरह के कदम उठाने की योजना बना रहा है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता देते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद दशकों पुरानी संधि को निलंबित करने का निर्णय लिया। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## आज मुख्यमंत्री ममता मुर्शिदाबाद दौरे होंगी रवाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करने जाएंगी। इसके मद्देनजर जिला तृणमूल नेतृत्व द्वारा उनके दौरे को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार की रात ट्रेन से बहरमपुर पहुंचेंगी। वहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद, वह कल सुबह बहरमपुर के बैरक स्क्वायर स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा धुलियान के लिए रवाना होंगी। इसके मद्देनजर धुलियान फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री के लिए हेलीपैड बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री मंगलवार की सुबह बहरमपुर से सीधे शमशेरगंज प्रखंड के धुलियान जाएंगी। वे वहां हाल में हुई हिंसा से प्रभावित कुछ परिवारों और दुकानदारों से मुलाकात कर सकती हैं। इसके बाद, मुख्यमंत्री सुती में एक प्रशासनिक जनसभा करेंगी जहां वह कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुर्शिदाबाद दौरा पूरी तरह से सरकारी है। मुख्यमंत्री के शमशेरगंज में हाल ही में हुई हिंसा से प्रभावित परिवारों और दुकानदारों से भी मिलने की सभावना है। मुख्यमंत्री पीड़ितों को आर्थिक मदद दे सकती हैं।

## पहलगाम हमला: पाकिस्तान ने भारतीय पोतों के लिए बंदरगाह बंद किए

**इस्लामाबाद/ नयी दिल्ली :** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ ''दृढ़ एवं निर्णायक'' कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद, पाकिस्तान ने शनिवार देर रात आदेश दिया कि भारतीय ध्वज वाले किसी भी पोत को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पाकिस्तानी पोतों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। पाकिस्तान के समुद्री मामलों के मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान स्थिति के संदर्भ में भारतीय पोतों पर प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना का वाहन खाई में गिरा, जेसीओ सहित तीन जवानों की मौत

**रामबन/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से एक जूनियर कमीशन ऑफिसर (जेसीओ) सहित तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। यह दुर्घटना पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे बैटरी चश्मा के पास हुई। उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसआरडीएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों ने तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक, वाहन में सवार तीन सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान नायब सूबेदार सुजीत कुमार, चालक अमित कुमार और सिपाही मान बहादुर के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सैन्यकर्मियों के शव खाई से निकाले गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## जब तक इस्लाम है, आतंकवाद रहेगा: तस्लीमा नसरीन



**नयी दिल्ली :** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने पहलगाम आतंकवादी हमले और 2016 में ढाका में हुए आतंकवादी हमले के बीच समानताएं गिनाते हुए रविवार को कहा कि ''जब तक इस्लाम है, आतंकवाद रहेगा।'' दिल्ली साहित्य महोत्सव के एक सत्र में ''लज्जा'' की लेखिका नसरीन ने यह भी कहा कि ''इस्लाम 1,400 वर्षों में विकसित नहीं हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''जब तक यह रहेगा, तब तक यह आतंकवादियों को जन्म देता रहेगा। 2016 के ढाका हमले में मुसलमानों को इसलिए मार दिया गया क्योंकि वे कलमा नहीं पढ़ पाए थे। जब आस्था को तर्क और मानवता पर हावी होने दिया जाता है, तो यही होता है।'' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक पर्यटन स्थल पर 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। एक जुलाई 2016 को आतंकवादियों के एक समूह ने ढाका के होली आर्टिजन बेकरी पर गोलीबारी की थी, जिसमें 29 लोग मारे गए थे। पहलगाम हमले में जीवित बचे कुछ लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि हमलावरों ने लोगों से ''कलमा'' पढ़ने को कहा और ऐसा न करने वालों को गोली मार दी। नसरीन ने कहा, ''जब तक इस्लाम रहेगा, आतंकवाद बना रहेगा।''

## देश में कड़ी सुरक्षा के बीच 5,400 से अधिक केंद्रों पर आयोजित हुई नीट-यूजी



**नयी दिल्ली :** मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) रविवार को कड़ी निगरानी और सुरक्षा उपायों के बीच देश भर के 5,400 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। परीक्षा के लिए 22.70 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को सभी नीट-यूजी केंद्रों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अधिकांश केंद्र सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्थित थे। हालांकि, अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में स्थापित एक परीक्षा केंद्र के समक्ष ब्राह्मण समुदाय के सदस्यों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय के कुछ छात्रों को 'जनेऊ' उतारने के लिए कहने वालों की जवाबदेही तय करने की मांग की। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है जो राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के एक अभ्यर्थी को कथित तौर पर पेपर उपलब्ध कराने का झांसा दे रहे थे। अधिकारियों के अनुसार इन लोगों ने अभ्यर्थी से 40 लाख रुपये ठगने की कोशिश की।

### छात्रा ने नीट परीक्षा से एक दिन पहले आत्महत्या की

**कोटा :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक अभ्यर्थी ने रविवार को होने वाली इस परीक्षा से एक दिन पहले यहां पार्श्वनाथ इलाके में स्थित अपने घर में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात योग गुरु स्वामी शिवानंद का निधन



**वाराणसी :** पद्मश्री से सम्मानित वाराणसी निवासी प्रख्यात योग गुरु स्वामी शिवानंद का निधन हो गया। वह 128 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बाबा शिवानंद के शिष्यों ने बताया कि अस्वस्थ होने के कारण उन्हें 30 अप्रैल को काशी हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि योग गुरु का अंतिम संस्कार रविवार शाम को किया जाएगा। श्रद्धांजलि देने के लिए बाबा शिवानंद के पार्थिव शरीर को कबीरनगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर रखा गया है। शिष्यों ने बताया कि वर्तमान में बांग्लादेश के श्रीहट्ट जिले में आठ अगस्त 1896 को शिवानंद का जन्म हुआ था और बाबा शिवानंद जब छह साल के थे तभी उनके माता-पिता की भूख के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि तब से वह आधा पेट ही भोजन करते थे। शिवानंद बाबा के माता-पिता के मौत के बाद उनकी जिम्मेदारी ओंकारनंद ने अपने ऊपर ले ली। इन्हीं के पास रह कर शिवानंद बाबा ने ज्ञान और शिक्षा ग्रहण की। योग गुरु के शिष्यों ने बताया कि बाबा शिवानंद को 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया

## कांग्रेस ने कई गलतियां कीं, जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 1984 के दंगों तथा सिख समुदाय के साथ रिश्तों को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी ने अतीत में कई गलतियां की हैं और उस समय पार्टी एवं राजनीति में न होने के बावजूद वह उनकी जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं। उनका यह भी कहना है कि अतीत में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1980 के दशक में जो हुआ वह गलत था। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी का अब न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में उपहास उड़ रहा है। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी।

## अमृतसर में दो जासूस गिरफ्तार, पाकिस्तान को लीक कर रहे थे सेना की खुफिया जानकारी

**अमृतसर :** पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का शक है। पुलिस का कहना है कि ये दोनों अमृतसर में सेना और वायु सेना के ठिकानों की जानकारी पाकिस्तान को दे रहे थे। इनकी पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। पुलिस को शक है कि पलक शेर मसीह और सूरज मसीह, अमृतसर में सेना के कैंटोनमेंट एरिया और एयरफोर्स स्टेशन की गुप्त जानकारी पाकिस्तान भेज रहे थे। वे इन जगहों की तस्वीरें भी लीक कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इन दोनों ने पाकिस्तान को क्या-क्या जानकारी दी और इसके पीछे उनका मकसद क्या था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस काम में और कौन-कौन शामिल है।

## भारत को साझेदारों की तलाश है, उपदेशकों की नहीं

**जयशंकर ने यूरोप को परोक्ष संदेश देते हुए कहा**




**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस-यूक्रेन संघर्ष सहित प्रमुख भू-राजनीतिक उथल-पुथल के प्रति कुछ यूरोपीय देशों के दृष्टिकोण पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि भारत को ''भागीदारों'' की तलाश है, न कि ''उपदेशकों'' की। उन्होंने भारत के साथ गहरे संबंध विकसित करने के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता दिखाने और पारस्परिक हितों को ध्यान में रखने की भी सलाह दी। जयशंकर ने एक संवाद सत्र के दौरान जयशंकर ने कहा कि यूरोप ''हकीकत की एक विशेष स्थिति में प्रवेश कर चुका है''। यह बात उन्होंने भारत की 'रूस को लेकर यथार्थवादी नीति' और इस बात को समझाते हुए कही कि भारत और रूस के बीच संबंध क्यों 'एक महत्वपूर्ण तालमेल' हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा ''रूसी यथार्थवाद'' की वकालत की है और संसाधन प्रदाता एवं उपभोक्ता के रूप में भारत और रूस के बीच ''महत्व-पूर्ण सामंजस्य'' है और वे इस मामले में एक दूसरे के ''पूरक'' हैं। उन्होंने यह टिप्पणी ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के बीच की। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत ने रूस के साथ संबंध बरकरार रखे और उसने पश्चिमी देशों की बढ़ती बेचैनी के बावजूद रूसी कच्चे तेल की खरीद में वृद्धि की। उनकी यह टिप्पणी यूरोपीय संघ के विदेश मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास के इस वक्तव्य के दो दिन बाद आई है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव 'चिंताजनक' है। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों पक्षों से 'संयम बरतने' को भी कहा। सोशल मीडिया पर कई पर्यवेक्षकों ने पीड़ित और हमलावर के बीच समानता दर्शाने के लिए उनकी टिप्पणियों की आलोचना की। विदेश मंत्री ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान रूस को शामिल किए बिना खोजने के पश्चिम के पहले के प्रयासों की भी आलोचना करते हुए कहा कि इसने ''यथार्थवाद की बुनियादी बातों को चुनौती दी है।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## विनय नरवाल की विधवा सद्भाव के पक्ष में

ऐसे वक्त में जब पहलगाम हत्याकांड के बाद देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है, तब एक विवेक की आवाज का बुलंद होना सुखद ही है। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले। विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा 'हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं।' बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगरा में एक परेशान करने वाला मामला प्रकाश में आया, जहां एक बिरयानी विक्रेता की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया कि यह पहलगाम त्रासदी का प्रतिशोध है। निस्संदेह, ऐसी संकीर्ण मानसिकता का राजनीतिक और धार्मिक नेताओं द्वारा विरोध न किया जाना, अक्षम्य ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसी अप्रिय व परेशान करने वाली घटनाएं हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को ही नुकसान पहुंचाती हैं। खासकर उस ताने-बाने को, जो पहले से ही कमजोर पड़ रहा है। निर्विवाद रूप से कश्मीर के पहलगाम में हुई सांप्रदायिक हत्याओं के जरिये आतंकवादियों का मुख्य मकसद देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव पैदा करके देश की एकता को कमजोर करना था। ऐसे में यदि हम भी उसी सोच के साथ प्रतिक्रिया देने लगे तो कहीं न कहीं हम परोक्ष रूप से आतंकवादियों के मंसूबों को ही पूरा कर रहे होंगे।

यह निर्विवाद तथ्य है कि हमें इसी समाज में रहना है और बेहतर होगा कि हम तमाम संकीर्णताओं को त्यागकर और मिलजुलकर ही रहें। यदि हम आतंकवादियों की सोच का प्रतिकार उनके एजेंडे के अनुरूप करेंगे तो निश्चिय ही गंगा-जमुनी संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। आतंकवादियों का मंसूबा जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश में शांति को भंग करना था। ऐसी किसी भी संकीर्ण सोच को सामूहिक संकल्प से ही नाकाम किया जा सकता है। इसी तरह की सार्थक व प्रेरक प्रतिक्रिया गुरमेहर कौर की तरफ से आई, जिनके पिता वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए थे। उन्होंने देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद की असली हार तब ही होती है जब हम हिंसा की प्रतिक्रिया में खुद को विभाजित करने से मना कर देते हैं। निस्संदेह, राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में, नागरिकों को उन लोगों को दृढ़ता से दूर करना चाहिए, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को उन तत्वों पर नकेल कसनी चाहिए, जो आतंकवादियों के जघन्य कृत्यों की कीमत निर्दोष लोगों से वसूलने पर तुले हुए हैं। निर्विवाद रूप से हमारी विवेकशील प्रतिक्रिया और एक अखंड भारत की सोच ही आतंकवाद पर करारी चोट कर सकती है। वक्त की मांग है कि हम सीमा पार से चलाए जा रहे विभाजनकारी अभियानों को एकजुटता से विफल कर दें। हमारी किसी भी प्रतिक्रिया से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम भारत के विरोधियों के मंसूबों को ही सींच रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम का आतंकी हमला हमारे मर्म पर हमला था, लेकिन जिस तरह की आवाज कश्मीर से आतंक के खिलाफ उठी, वैसे ही बुलंद आवाज हमें संकीर्ण सोच वाले तत्वों के खिलाफ मजबूती से उठानी चाहिए। देश में शांति-सौहार्द के लिये जरूरी है कि हम हिमांशी नरवाल की बड़ी सोच को विस्तार दें। जिन्होंने सब कुछ गंवाने के बावजूद राष्ट्र के सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारे को तरजीह दी। यह समय की मांग भी है कि हम भारतीय संस्कृति की विश्व बंधुत्व की सोच को मजबूत करें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 मई, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, वैशाख शुक्लपक्ष अष्टमी, 07:38 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 14:02 तक, योग : वृद्धि, 24:18 तक, सूर्योदय: 5:02, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 12:01, चन्द्रास्त: 00:39, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 06:42 से 08:19

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए रविवार का दिन विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है। करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के प्रबल योग बन रहे हैं। मल्टी-सोर्स इनकम की शुरुआत हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लिए यह दिन पेशेवर सफलता और प्रगति से भरा हो सकता है। जो लोग जॉब में बदलाव की सोच रहे हैं, उन्हें नया ऑफर मिल सकता है। आपका मन संतुष्ट रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन रचनात्मक सोच और रणनीतिक कार्यों के लिए आदर्श है। रुके हुए काम तेज़ी से पूरे होंगे जिससे आपको आर्थिक लाभ होगा।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए दिन मनोरथ सिद्धि और कार्यसिद्धि का है। आज आप जो भी कार्य निष्ठा से करेंगे, उसमें सकारात्मक परिणाम आएंगे। ऑफिस में टीम वर्क अच्छा रहेगा

**सिंह :** सिंह राशि के लिए दिन काफी व्यस्तता और उपलब्धियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई ज़िम्मेदारियां मिलने की संभावना है, जिनके साथ तरक्की और आर्थिक लाभ जुड़ा रहेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए दिन स्थिरता और आत्मविश्लेषण का है। हर निर्णय धैर्य और विवेक से लें। किसी ऑफिस सहयोगी से मतभेद हो सकता है, इसलिए संयम रखें।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए दिन समझौते और समाधान का है। पुरानी प्रफेशनल समस्याएं हल हो सकती हैं। जो लोग लीगल, काउंसलिंग या एडवाइज़री क्षेत्र में हैं, उन्हें सम्मान और लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए दिन ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। दिनभर में कई ऐसे प्रस्ताव आपको मिल सकते हैं जो आपको कई गुना मुनाफा करवाएंगे और आपकी तरक्की होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन नई संभावनाओं और प्रयोगों का है। जोखिम लेने से न डरें, क्योंकि बड़ा लाभ आपके इंतजार में है। आपका नेटवर्किंग स्किल काम आएगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए दिन संतुलन और कड़ी मेहनत का है। बिजनस में पार्टनरशिप से लाभ होगा और कोई डील फाइनल हो सकती है। लंबे टर्म प्लानिंग पर फोकस करें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को प्रफेशनल फील्ड में ध्यान और सतर्कता के साथ काम करना होगा। जल्दबाज़ी से नुकसान हो सकता है, खासकर फाइनेंशियल डील्स में।

**मीन :** मीन राशि वालों का दिन व्यावसायिक उत्थान और आत्मविश्वास से भरा हो सकता है। बिजनस में रिस्क लेना लाभकारी रहेगा, खासकर नवीन परियोजनाओं या डिजिटल क्षेत्र में।

# जातिगत जनगणना के हैं बहुआयाम



प्रमोद भार्गव

आखिकार केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को हरी झंडी देकर एक अच्छी पहल की है। इस गणना में धार्मिक और आर्थिक आंकड़े तो लिए ही जाएंगे, गरीबी और अमीरी के आंकड़े भी स्पष्ट तौर से रेखांकित हो जाएंगे। विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों की संख्या भी सुनिश्चित हो जाएगी। हालांकि एक समय जातीय आधार पर जनगणना का विरोध कांग्रेस समेत अनेक राजनैतिक दल इसलिए कर रहे थे कि इससे जातिवाद और मजबूत होगा, जबकि एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में जाति तोड़ने के उपाय होने चाहिए। लेकिन राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पैरोकार बनकर ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि भाजपा ने जातीय गिनती का कभी स्पष्ट रूप में विरोध नहीं किया। अलबत्ता देश की हकीकत यह है कि जाति तोड़ने के जितने भी सनातन उपाय किए गये हैं, वे असफल ही रहे हैं। विनायक दमोदर सावरकर ने तो हिन्दुओं का जातिगत ढांचा नष्ट करने का संकल्प भी लिया था, लेकिन वे विफल रहे।

गणना की इस प्रणाली से कई अहं और नए पहलू सामने आएंगे। बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कितनी पुख्ता है, इसका खुलासा होगा। मुस्लिम समाज में भी जातिप्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बहाल रखना चाहता है, जिससे सरकारी योजनाओं के जो लाभ हैं वे पूर्व से ही संपन्न लोगों को मिलते रहें। जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना का आधार धर्म और लिंग है। अल्पसंख्यक समुदाओं में से एक पारसियों की घटती आबादी की स्थिति भी जातीय गणना से साफ होगी। क्योंकि हाल ही में इस समुदाय को प्रजनन सहायता योजना चलाकर जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पिछड़ों की समृद्ध जातियां, जाति आधारित जनगणना कराए जाने पर इसलिए दबाव डालती चली आ रही थीं, जिसमें पिछड़ों को उनकी जातीय प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण सुविधा का लाभ मिले। आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े सामने आने पर आरक्षण की सुविधा से यदि धनी पिछड़ों को अलग किया जाता है तो इन आंकड़ों की महत्ता सार्थक होगी।

नरेंद्र मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, तब से भाजपा नेतृत्व प्रत्येक विपरीत स्थिति को अपने लाभ में परिवर्तित करने में सफल रहा है। मुद्दों को भुनाने में भाजपा भाषणों से लेकर जमीनी रणनीति की बिसात कुछ इस तरह से बिछाती है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल औंधे मुंह गिरते है। बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को चार सौ पार रोकने में जातीय जनगणना और संविधान बदलने के मुद्दे विपक्ष को काम आए। इसी का परिणाम रहा कि उप्र में भाजपा की सीटें 62 से घटकर 33 रह गईं। इसी के चलते भाजपा स्पश्ट बहुमत के आंकड़े से दो सीटें पीछे रह गई। पिछड़ने के इस कारण में उप्र के पिछड़ों की नाराजी दिखाई दी। अतएव भाजपा और संघ असमंजस की स्थिति से उबरे और जातीय आधारित जनगणना कराने का अहम् निर्णय ले लिया। आखिर में भाजपा इसका श्रेय ले लेगी। वैसे भी इस समय भाजपा प्रमुख रूप से पिछड़ों की ही पार्टी दिखाई दे रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी वर्ग से आते हैं।

जातिवार जनगणना और उससे वर्तमान आरक्षण पद्धति में परिवर्तन की उम्मीद को लेकर पिछड़े तबके के अलंबदार लालू-मुलायम-शरद का जोर था कि पिछड़ी जातियों की गिनती अनुसूचित जाति व जनजातियों की तरह कराई जाए। क्योंकि आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पहल जरूरी थी। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोज-गारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्-सेदारी से जुड़ गई हैं। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। लेकिन यहां सवाल उठता है कि पूंजीवाद की पोषक सरकारें समावेशी आर्थिक विकास की पक्षधर क्यों होगी ? वैसे भी हमारा संविधान उस साठ फीसदी गरीब आबादी की वकालात नहीं करता, जिसे दो जून की रोटी भी वक्त पर नसीब नहीं होती। क्योंकि यही वह संविधान है जो प्रत्येक देशवासी को भोजन का अधिकार तो देता है लेकिन भूमि के व्यावसायिक अधिग्रहण को जायज ठहराया है। साधारण नमक और कंपनियों को पानी का अधिकार देकर बुनियादी हकों की समस्याएं खड़ी करता है। बाघ और चीता अभ्याराण्य बनाकर ग्रामीणों की नींद उड़ाता है।

मुस्लिम धर्म के पैरोकार यह दुहाई देते हैं कि इस्लाम में जातिप्रथा की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए ज्यादातर मुसलमान जाति के आधार पर जनगणना को नकारते हुए जनगणना प्रारूप में केवल धर्म और लिंग दर्ज करते हैं। जाति का खाना अकसर खाली छोड़ दिया जाता है अथवा उसमें मुसलमान लिख कर कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि एम एजाज अली के मुताबिक मुसलमान भी चार श्रेणियों में विभाजित हैं। उच्च वर्ग में सैयद, शेख, पठान, अब्दुल्ला, मिर्जा, मुगल, अशरफ जातियां सुमार हैं। पिछड़े वर्ग में कुंजड़ा, जुलाहा, धुनिया, दर्जी, रंगरेज, डफाली, नाई, पमारिया आदि शामिल हैं। पठारी क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम आदिवासी जनजातियों की श्रेणी में आते हैं। अनुसूचित जातियों के समतुल्य धोबी, नट, बंजारा, बक्खो, हलालखोर, कलंदर, मदारी, डोम, मेहतर, मोची, पासी, खटीक, जोगी, फकीर आदि हैं।

मुस्लिमों में ये ऐसी प्रमुख जातियां हैं, जो पूरे देश में लगभग इन्हीं नामों से जानी जाती हैं। इसके अलावा देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। जैसे बंगाल में मण्डल, विश्वास, चौधरी, राएन, हालदार, सिकदर आदि। यही जातीयां बंगाल में मुस्लिमों में बहुसंख्यक हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में मरक्का, राऊथर, लब्बई, मालाबारी, पुस्लर, बोरेवाल, गारदीय, बहना, छप्परबंद आदि। उत्तर-पूर्वी भारत के असम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि में विभिन्न उपजातियों के क्षेत्रीय मुसलमान हैं। राजस्थान में सरहदी, फीलबान, बक्सेवाले आदि हैं। गुजरात में संगतराश, छीपा जैसी अनेक नामों से जानी जाने वाली बिरादरियां हैं। जम्मू-कश्मीर में ढोलकवाल, गुडवाल, बकरवाल, गोरखन, वेदा (मून) मरासी, डुबडुबा, हैंगी आदि जातियां हैं। इसी प्रकार पंजाब में राइनों और खटीकों की भरमार है।

इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं। जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। इसलिए धर्म आधारित मुस्लिम जनगणना में जाति का खाना भी अब सुनिष्चित होगा। इससे तय होता कि किस श्रेणी की कितनी मुस्लिम आबादी है। इनकी शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी स्पष्ट होगी। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और ओड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जा-लसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल हो तो अच्छा है। यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से आर्थिक बद्हाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजन-ाओं से जोड़ा जा सकेगा।

अल्संख्यक समूहों में इस वक्त हमारे देश में पारसियों की घटती जनसंख्या चिंता का कारण है। इस आबादी को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रजनन सहायता योजना समेत तीन योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में लागू किया है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक सर्वे के मुताबिक पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14000 के मुकाबले 2001 में केवल 69000 रह गई। इस समुदाय में लंबी उम्र में विवाह की प्रवृत्ति के चलते भी यह स्थिति निर्मित हुई है। बीते दस साल में इनकी आबादी किस हाल में है, इसका खुलासा भी जातीय गणना से होगा। इस जाति का देश के औद्योगिक, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में महत्व-पूर्ण योगदान है। प्रसिद्ध टाटा परिवार इसी समुदाय से है।

2011 की जाति आधारित जनगणना में ऐसे उपायों का भी सख्ती से पालन होगा, जिससे बांग्लादेशी घुसपैठिए इस पंजी में दर्ज नहीं होने पाएं ? लेकिन ऐसा नहीं किया गया तो इन घुसपैठियों की भी गिनती हो जाएगी। ये घुसपैठिए देश के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने और सुरक्षा की दृष्टि से भारी बोझ हैं। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी नाजायज तौर से रह रहे हैं। यह संख्या विश्व के एक सौ सड़सठ देशों से अधिक है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका की आबादी से भी यह संख्या ज्यादा है। वोट बैंक के मद्देनजर राजनीतिक दल और कांग्रेस प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से घुसपैठ को बढ़ावा देते रहे हैं।

अपने मूल स्वरूप में जनसंख्या में बदलाव एक जैविक घटना होने के साथ समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक व आर्थिक आधारों को प्रभावित करती है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, बीपीएल और एपीएल के माध्यम से आहार का आधार बनाए जाने के कारण भी सटीक जनगणना है। इसलिए जातिवार जनसंख्यात्म लक्ष्य देश के गरीब व वंचित वर्ग को खाद्य और पेयजल जैसी सुरक्षा का उपाय तो बनेंगे ही, सरकारी सेवाओं में आरक्षण किस जाति और वर्ग के अधिक जरूरी है, इसकी भी झलक मिलेगी।

-लेखक, वरिश्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक



ललित गर्ग

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्न-ारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो. रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण यो-गदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है। इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3082

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | | ■ | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | | | 18 | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 |
| 25 | ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | |
| 27 | | | | | ■ | ■ | 28 | | |

*बायें से दायें:-* 1) ओर, 6) धीरे से खिसक जाना, 8) प्रेषित, 10) ज़ंजीर, 11) असमतल; लहराता, 13) नाटक में काम करनेवाले व्यक्ति; बरतन, 15) विरोध; भिड़ंत, 17) प्रभावी, 19) ख़र्च, 21) अमृत, 23) छेना, 26) जय - पराजय, 27) छटपटाना, 28) दुलारा.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कृषिउत्पाद, 3) क़ुसूर; अपराध, 4) शरीरांतर्गत मूत्रशोधक किडनी, 5) धारदार, 7) पत्नी, 9) प्रहार; दिन, 10) मुसीबत, 12) बचाखुचा, 13) प्राप्ति की स्वीकृति, 14) निवाला, 16) फ़र्ज़, 18) मेघविद्युत, 20) अनाथ, 21) सुंदर, 22) पानी का सोता, 23) सँकरा, 24) रसभीना, 25) फल आदि का लंबोतरा टुकड़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | द | य | पु | र | ■ | स | ला | म | त |
| ■ | ■ | क़ी | ■ | वि | रा | म | ■ | धु | ■ |
| मे | ह | न | त | ■ | स | र | का | र | ■ |
| न | ■ | ■ | र | ड्डी | ■ | स | म | ■ | क |
| का | रा | वा | स | ■ | भू | ■ | या | मि | नी |
| ■ | जी | ■ | ■ | म | त | ल | बी | ■ | नि |
| आ | व | भ | ग | त | ■ | बा | ■ | डं | का |
| इं | ■ | न | ■ | दा | वे | दा | र | ■ | ■ |
| दा | ■ | क | वि | ता | ■ | ■ | स्म | र | ण |

## सुडोकू-पहेली-3039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| 2 | 5 | | | 1 | | | | |
| | | | | | 1 | 7 | | |
| 5 | | | | 2 | | 9 | | |
| 1 | 4 | | 7 | | | | | 3 |
| | 8 | 6 | | | | 5 | 4 | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| 3 | | | 9 | | | | 2 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3038 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 4 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 2 | 5 |

# सरकारी स्कूलों में अब सौर ऊर्जा से बनेगा मिड डे मील

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी स्कूलों में मिड डे मील को बनाने के लिए प्रदूषण के कारण लकड़ी का उपयोग नहीं किया जाता है। आमतौर पर, गैस चूल्हे पर खाना पकाया जाता है। इसकी लागत अधिक पड़ती है। इसे देखते हुए राज्य के सरकारी स्कूलों में सौर ऊर्जा से मिड डे मील पकाने की योजना बनाई जा रही है। दरअसल, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की है। ये योजना भारत सरकार द्वारा 2024-25 के बजट में शुरू की गई एक योजना है, जिसका उद्देश्य लगभग एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा प्रदान करना और छत पर सौर संयंत्र परियोजनाओं के लिए 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके उन्हें हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करना है।



राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की इस परियोजना पर काम किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 3,500 स्कूलों में सौर पैनल स्थापित करने की योजना बनाई है। स्कूल का कहना है कि ई-ग्रीन कुकिंग से मिड डे मील पर्यावरण अनुकूल तरीके से पकाया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह पहल की है। आने वाले दिनों में राज्य के अन्य स्कूलों में भी यह कदम उठाया जाएगा। राज्य में पहली बार सरकारी पहल के रूप में दमदम पार्क स्थित कृष्णपुर आदर्श विद्या मंदिर में सौर ऊर्जा का उपयोग कर मिड डे मील पकाने की शुरुआत की गई है। खाना पकाने के लिए इंडक्शन लगाए गए हैं। इस इंडक्शन पर भोजन आसानी से पकाया जा सकता है। जिसे ई-ग्रीन कुकिंग कहा जाता है।

स्कूल प्राधिकारियों ने बताया कि पहले मिड डे मील के लिए ईंधन के रूप में लकड़ी का उपयोग किया जाता था। उसके बाद खाना पकाने वाली गैस का इस्तेमाल किया गया। दोनों ही मामलों में लागत अधिक आई बल्कि लकड़ी पर पकाने पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी था। इसीलिए खाना पकाने की यह नई विधि अपनाई जा रही है। इससे लागत और प्रदूषण कम होगा, साथ ही खाना पकाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा भी बढ़ेगी। इतना ही नहीं, इससे कम समय में खाना पकाना भी संभव होगा। इस पद्धति से स्कूल में 200 से 250 लोगों के लिए खाना बनाना संभव होगा।

# राज्य में वक्फ संपत्तियां को लेकर जारी हो श्वेत पत्र : अधीर चौधरी

**कांग्रेस नेता ने बंगाल में वक्फ संपत्तियों की सूची भी जारी करने की मांग**

**मुर्शिदाबाद :** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने प्रदेश में कितनी वक्फ संपत्तियां हैं, इसकी सूची जारी कर इस मामले पर श्वेत पत्र प्रकाशित करने की मांग की है। अधीर ने अपने गृहक्षेत्र बहरमपुर में एक सभा में संशोधित वक्फ अधिनियम को लेकर केंद्र और राज्य पर एक साथ हमला बोला। जिस तरह उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति विरोध जताया है, उसी तरह बहरमपुर के पूर्व सांसद ने संशोधित वक्फ अधिनियम पर राज्य विधानसभा की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी। इससे पहले अधीर ने बहरमपुर में सभा कर श्वेत पत्र प्रकाशित करने की मांग कर दी। अधीर ने बहरमपुर टेक्सटाइल चौराहे पर सभा कर संशोधित वक्फ अधिनियम को निरस्त करने की मांग की। उस बैठक में उन्होंने कहा कि कानून वापसी की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन यथावत जारी रहेगा। अगर वक्फ संपत्ति का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो मुस्लिम समुदाय के लिए 12 से 15 हजार करोड़ रुपये कमाना संभव है। यह मुसलमानों की लड़ाई नहीं है। उनका दावा है कि यह विरोध स्वतंत्र धार्मिक अभ्यास के संवैधानिक अधिकार से वंचित करने के खिलाफ है।



## आम तोड़ने के दौरान छत से गिरी महिला, हुई मौत

कोलकाता, समाज्ञा

उत्तर 24 परगना जिले के गाइघाटा थाना क्षेत्र के चिकनपाड़ा इलाके में एक गृहिणी की छत से गिरकर मौत हो गई। मृत महिला का नाम सीमा बायपारी (41) है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब महिला अपने घर की छत पर आम तोड़ने के लिए चढ़ी थीं और अचानक संतुलन खोकर नीचे गिर पड़ी। स्थानीय निवासियों ने सीमा को रक्तरंजित हालत में घर के नीचे पड़ा देखा और तुरंत उसे चांदपाड़ा ग्रामीण अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही गाईघाटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आईआईटी खड़गपुर में फिर सुसाइड, होस्टल के कमरे में मिला छात्र का लटकता शव

**❑ बिहार के छात्र ने लगाई फांसी, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रावास के एक कमरे में रविवार को बीटेक (तृतीय वर्ष) के एक छात्र का शव फंदे से लटका मिला। बता दें कि 15 दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है, जब आईआईटी खड़गपुर के छात्रावास से फंदे से लटका हुआ स्नातक छात्र का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मोहम्मद आसिफ कमर के रूप में की गई है। उसका शव आईआईटी खड़गपुर परिसर के मदनमोहन मालवीय हॉल स्थित उसके छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। कमर बिहार के शिवहर जिले का रहने वाला था। उसके परिवार को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं और जांच जारी है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है, लेकिन जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 22 अप्रैल को आईआईटी-खड़गपुर के छात्रावास से ओशन इंजीनियरिंग एंड नेवल आर्किटेक्चर विभाग के चौथे वर्ष के छात्र अनिकेत वाकर का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था। वाकर महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के मूल निवासी थे।



## सियालदह के सीनियर डीसीएम ने नैहाटी स्टेशन पर ट्रेन के गैप में गिरी महिला को बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) जसराम मीना द्वारा एक त्वरित और साहसिक कार्य ने रविवार को नैहाटी स्टेशन पर एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया और ट्रेन के गैप में गिरी महिला यात्री को उन्होंने बचा लिया। सियालदह मंडल द्वारा एक बयान में बताया गया कि मीना, नैहाटी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-4 पर मौजूद थे, जब एक महिला गलती से अचानक फिसल कर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गैप में गिर गई। मीना तुरंत महिला को बचाने के लिए दौड़ पड़े। असाधारण सूझबूझ और शारीरिक शक्ति का परिचय देते हुए, उन्होंने ट्रेन के रवाना होने से कुछ क्षण पहले महिला को खतरनाक गैप से बाहर निकाल लिया। महिला, जो घटना के बाद सदमे में दिख रही थी, लेकिन उसे कोई बड़ी चोट नहीं आई। महिला ने समय पर हस्तक्षेप व जान बचाने के लिए सीनियर डीसीएम मीना के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भी जसराम मीना की वीरतापूर्ण कार्रवाई की सराहना की। यही नहीं, महिला की जान बचाने के बाद मीना ने और सहानुभूति दिखाते हुए उसके लिए एक टिकट भी खरीदा और अगली ट्रेन में उन्हें सुरक्षित रूप से चढ़ाने की भी व्यवस्था की। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने महिला यात्री की जान बचाने के साहसिक कार्य के लिए मीना की प्रशंसा की।



उन्होंने कहा कि यह घटना यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में रेलवे अधिकारियों की सतर्कता और समर्पण को उजागर करती है। सीनियर डीसीएम मीना की त्वरित प्रतिक्रिया ने निस्संदेह एक गंभीर दुर्घटना को रोका और सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक अनुकरणीय प्रदर्शन किया। डीआरएम ने अनुरोध किया कि यात्री ट्रेन में चढ़ते और उतरते समय सावधानी बरतें और ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच की दूरी का ध्यान रखें।

## पिता को खोकर भी नहीं हारी स्नेहा, 637 अंक पाकर मां के संघर्ष को किया सलाम, लेकिन डॉक्टर बनने की राह में आर्थिक संकट

**हावड़ा :** माध्यमिक परीक्षा से एक महीने पहले पिता को खोने वाली स्नेहा दास ने हिम्मत नहीं हारी और 637 अंक लाकर मां के संघर्ष को सार्थक किया। हावड़ा जिले के हनिधारा गांव की रहने वाली स्नेहा थोलिया यूनियन हाई स्कूल की छात्रा है। इतने अच्छे अंक लाकर उसने स्कूल और जिले की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है, लेकिन अब विज्ञान विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना उसके लिए बड़ी चुनौती बन गई है। पांच साल से बिस्तर पर पड़े पिता चंदू दास की मृत्यु ने परिवार की रीढ़ तोड़ दी। मां श्यामली देवी एक छोटे से लॉन्ड्री की आय से पति की दवा, बच्चों की पढ़ाई और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उठा रही थीं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, मंझली बेटी शारीरिक रूप से अक्षम है और सबसे छोटा बेटा आठवीं कक्षा में पढ़ता है। ऐसे में स्नेहा को डॉक्टर बनाने की माँ की चाहत अब आर्थिक तंगी के कारण अधूरी सी लग रही है। स्नेहा बताती है कि पिता ने हमेशा हिम्मत दी थी, और अब वह उनका सपना पूरा करना चाहती है। क्षेत्रीय समाजसेवी शुभंकर बारुई और स्थानीय लोग स्नेहा की मदद के लिए आगे आ रहे हैं और प्रशासन से भी सहयोग की उम्मीद की जा रही है।



## दक्षिण 24 परगना में स्वच्छ भारत ग्रामीण पर समीक्षा बैठक आयोजित

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर जय हिंद सभागार में स्वच्छ भारत (ग्रामीण) विषय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के 310 ग्राम पंचायतों के प्रधान, निर्माण सहायक, सभी बीडीओ, संयुक्त बीडीओ एवं पंचायत समिति के सभापति उपस्थित थे।

इस बैठक की अध्यक्षता माननीय जिला शासक ने की। बैठक में सांसद (मथुरापुर), राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मिशन निदेशक, संयुक्त सचिव, वरिष्ठ उप सचिव, जिला परिषद की सहायक सभाधिपति, जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण स्थायी समिति की कर्माध्यक्षा, जिला परिषद के अतिरिक्त कार्यपालक अधिकारी, सचिव, उप सचिव एवं विभिन्न महकुमाओं के एसडीओ उपस्थित थे। अब तक जिले में 16,10,815 पारिवारिक शौचालय बन चुके हैं, और 2025-26 में 70,000 और बनने हैं। 541 सार्वजनिक शौचालय निर्मित हैं, 295 और की मंजूरी मिली है। 178 पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बन चुके हैं, 59 निर्माणाधीन हैं। 38,614 तरल अपशिष्ट परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 5 जून को पर्यावरण दिवस पर सभी ब्लॉकों में ई-कार्ट सेवा शुरू होगी।



## पर्पल लाइन पर 5 मई से चलेंगी 40 मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता :** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे, कोलकाता ने पर्पल लाइन पर जोका से माजेरहाट के बीच मेट्रो सेवाओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब 5 मई 2025, सोमवार से इस रूट पर कुल 40 सेवाएं (20 अप और 20 डाउन) चलाई जाएंगी। ये सेवाएं हर 22 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी।

फिलहाल इस रूट पर सोमवार से शुक्रवार के बीच कुल 18 सेवाएं (9 अप और 9 डाउन) चलाई जा रही हैं, जो हर 50 मिनट पर चलती हैं। सेवा में इस विस्तार से यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी और यात्रा की प्रतीक्षा अवधि भी कम हो जाएगी।

हालांकि, शनिवार और रविवार को पूर्ववत् कोई सेवा नहीं चलेगी।

पहली मेट्रो माजेरहाट से सुबह 08:27 बजे रवाना होगी, जो पहले 08:55 बजे चलती थी। जोक से पहली मेट्रो सेवा पूर्ववत् 08:30 बजे ही रवाना होगी।

अंतिम मेट्रो माजेरहाट से अब 15:28 बजे चलेगी, जो पहले 15:35 बजे चलती थी। वहीं जोक से अंतिम मेट्रो अब 15:28 बजे रवाना होगी, जबकि पहले यह 15:10 बजे चलती थी।

मेट्रो रेलवे के इस कदम से पर्पल लाइन पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी और वे अब अधिक सुविधाजनक समय पर अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे।

## हावड़ा स्टेशन पर ए.एच. व्हीलर बुकस्टॉल को मिला विरासत का दर्जा

**कोलकाता :** हावड़ा स्टेशन के ऐतिहासिक परिसर में स्थित ए.एच. व्हीलर बुकस्टॉल को पूर्व रेलवे द्वारा हाल ही में 'हेरिटेज टैग' प्रदान किया गया है। 2025 में हावड़ा मंडल की शताब्दी के उपलक्ष्य में यह सम्मान दिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह बुकस्टॉल न केवल यात्रियों के लिए एक साहित्यिक ठिकाना रहा है, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है। वर्ष 1877 में स्थापित और 1905 से हावड़ा स्टेशन पर सक्रिय यह प्रतिष्ठान यात्रियों, साहित्य प्रेमियों और आम पाठकों के लिए ज्ञान और मनोरंजन का स्थायी स्रोत रहा है। उपन्यासों, पत्रिकाओं, अख़बारों और यात्रा गाइड्स जैसी विविध सामग्री से समृद्ध इस बुकस्टॉल ने न जाने कितने सफर में यात्रियों का साथ निभाया है। ए.एच. व्हीलर के कर्मचारी टिनकरी बनर्जी का योगदान उल्लेखनीय रहा है, जिन्होंने भारतीय भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकों और पत्रिकाओं को शामिल कर इस बुकस्टॉल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। दशकों से यह स्थान न केवल किताबों की दुकान है, बल्कि समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए मिलने-जुलने और विचारों का आदान-प्रदान करने का केंद्र बन गया है। स्टीम इंजनों से लेकर आधुनिक विद्युत इंजनों तक की यात्रा का यह गवाह, आज भी हावड़ा स्टेशन की पहचान और विरासत का अहम हिस्सा बना हुआ है, जो शिक्षा, संस्कृति और निरंतरता का प्रतीक है।




## दाम्पत्य कलह में पत्नी ने काटा पति का गुप्तांग

**मालदह :** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां पत्नी ने अपने पति के प्राइवेट पार्ट पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह मामला शनिवार की रात की है। बताया जा रहा है कि पत्नी का मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना अंतर्गत सादलीचक ग्राम पंचायत के बासुदेवपुर गांव निवासी अब्दुल रहमान के साथ विवाद होता रहता था। पड़ोसी उनके वैवाहिक कलह से परेशान थे। हाल ही में, पति-पत्नी के बीच विवाद चरम पर पहुंच गया तो पत्नी घर छोड़कर अपने पिता के घर चली गई। शनिवार को अब्दुल अपनी पत्नी को लाने के लिए बलूचर गांव स्थित अपने ससुराल गया था। इस दौरान पत्नी ने घर लौटने से इनकार कर दिया। जिसे लेकर पति-पत्नी में फिर से बहस हो गई। झगड़े के दौरान पत्नी ने कथित तौर पर अपने पति के गुप्तांग पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसके ससुराल वाले उसे इलाज के लिए हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल ले गए। बाद में, जब उनकी हालत बिगड़ गई तो अब्दुल को मालदह मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया। अब्दुल का फिलहाल वहां इलाजरत है।

## माध्यमिक परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**झाड़ग्राम :** झाड़ग्राम के बेलपहाड़ी में माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा में फेल होने पर एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत छात्रा का नाम फल्गुनी हेम्ब्रम है। वह बेलपहाड़ी थाने के तमाजुरी इलाके की निवासी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, फल्गुनी ने इस वर्ष बेलपहाड़ी थाना क्षेत्र के भूलावेदा जनकल्याण हाई स्कूल से माध्यमिक की परीक्षा दी थी। माध्यमिक परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। जिसमें छात्रा फेल हो गई। रिजल्ट आने के बाद से ही छात्रा काफी उदास थी। इसके बाद, रविवार की सुबह छात्रा का एक पेड़ पर फंदे से लटकता शव मिला।

## पांच दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन ब्रह्माकुमारी ज्ञान सरोवर में आयोजित




**माउंट आबू/कोलकाता :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का आयोजन 1 मई से 5 मई 2025 तक ब्रह्माकुमारी ज्ञान सरोवर, माउंट आबू में किया गया है। इस सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। देशभर से आए प्रख्यात पत्रकारों ने इस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रो. गोविंद सिंह, आरईआरएफ दिल्ली के मीडिया विंग के राष्ट्रीय संयोजक बीके सुषांत, ज्ञानामृत पत्रिका की सह-संपादक बीके उर्मिला, मीडिया प्रभारी बीके शांतनु एवं अन्य प्रतिष्ठित मीडिया प्रतिनिधियों ने की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीके सुषांत ने कहा कि समाज में मीडिया की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली है। यदि मीडिया गतिविधियों के साथ आध्यात्मिकता को जोड़ा जाए, तो पत्रकारों में एक सकारात्मक परिवर्तन देखा जा सकता है, जिससे वे सामाजिक प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में मीडिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से और अधिक उन्नत होगा।

## अंडाल जंक्शन क्रू लॉबी का व्यापक नवीनीकरण, लोको पायलटों के लिए सुविधा में वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने अंडाल जंक्शन (यूडीएल) स्थित संयुक्त क्रू बुकिंग लॉबी का व्यापक नवीनीकरण और आधुनिकीकरण किया है। इस परियोजना का उद्देश्य लोको पायलटों को एक अधिक कुशल, आरामदायक और डिजिटल रूप से सुसज्जित कार्यस्थल प्रदान करना है, जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो, बल्कि उनकी सतर्कता भी बनी रहे, जो सीधे तौर पर ट्रेन संचालन की सुरक्षा से जुड़ी होती है। नवीनीकरण के तहत लॉबी के स्वरूप को कार्य प्रवाह और स्थान उपयोग की दृष्टि से पुनः डिज़ाइन किया गया है, जिसमें संरचनात्मक विस्तार, छत की मरम्मत, टिकाऊ टाइलयुक्त फर्श और फॉल्स सीलिंग का निर्माण शामिल है। कर्मचारियों के विश्राम और सुविधा के लिए एयर कंडीशनर, गीजर, सोफा सेट, आयरन कॉट और आधुनिक कुर्सियाँ लगाई गई हैं, जबकि प्रतीक्षालय और शौचालयों को भी अधिक आरामदायक और स्वच्छ बनाया गया है। क्रू बुकिंग काउंटर को एर्गोनोमिक डिजाइन के साथ पुनर्निर्मित किया गया है और साइन-ऑन/साइन-ऑफ प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त क्रू मैनेजमेंट सिस्टम मशीन की व्यवस्था की गई है। एलईडी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से गति प्रतिबंध, सतर्कता संकेत और यार्ड डायग्राम्स जैसी रीयल-टाइम जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे कर्मचारियों की परिचालन जागरूकता में वृद्धि होगी। तकनीकी दक्षता को और सशक्त करने हेतु स्पीड गन और ट्रबलशूटिंग टूलकिट भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस दिशा में प्रगति का निरीक्षण करने के लिए 3 मई को आसनसोल मंडल के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आंधल क्रू लॉबी का दौरा किया।



## हावड़ा मंडल शताब्दी समारोह में वर्दवान व नवद्वीप धाम पर विविध आयोजन संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की गौरवपूर्ण 100 वर्षों की सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में चल रहे शताब्दी समारोह के अंतर्गत वर्दवान एवं नवद्वीप धाम स्टेशनों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए। गत 2 मई 2025 को नवद्वीप धाम स्टेशन पर प्रातः प्रभात फेरी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी ने एकता और गर्व की भावना को सशक्त किया, वहीं वृक्षारोपण अभियान ने पर्यावरण संरक्षण और हरित रेलवे के प्रति मंडल की सजगता को दर्शाया। इसके बाद, 4 मई को वर्दवान स्टेशन एवं उसके परिसंचारी क्षेत्रों में प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान और पर्चा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे परिवार के सभी वर्गों से जुड़े लोगों ने इन गतिविधियों में भाग लिया। यात्रियों के बीच वितरित किए गए पर्चों के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों, यात्री सेवाओं और सुरक्षा मानकों की जानकारी साझा की गई।

## कोलकाता पहुंचीं दो और नई डालियन मेट्रो रेक, यात्रियों को मिलेगी और बेहतर सुविधा

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो नेटवर्क को और अधिक आधुनिक तथा सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 3 मई 2025 को दो नई डालियन मेट्रो रेक्स श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर एक जहाज के माध्यम से कोलकाता पहुंची हैं। इन रेक्स को ग्लोबल टेंडर प्रक्रिया के तहत खरीदा गया है। कुल 16 कोच को जहाज से उतारा जा रहा है, जिन्हें जोड़ने के बाद डीजल इंजन की सहायता से नोपाड़ा कारशेड भेजा जाएगा।



इन नई रेक्स में यात्रियों के आराम और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई विशेष सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इन रेक्स के दरवाज़े मौजूदा एसी रेक्स की तुलना में 190 मिमी चौड़े हैं, जिससे भीड़भाड़ के समय यात्रियों का प्रवेश और निकास आसान होगा। इसके अलावा इनमें अधिक बैठने की क्षमता, बेहतर वातानुकूलन प्रणाली, शोर में कमी की तकनीक और आंखों को सुकून देने वाली रोशनी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

इन रेक्स की मुख्य यात्री सुविधाओं में सीसीटीवी कवरेज, मॉड्यूलर और चौड़े वेस्टिब्यूल, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से सक्षम यात्रियों के लिए अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था, सौंदर्यपूर्ण इंटीरियर, उच्च क्षमता वाले एसी, उन्नत एयर डिफ्यूज़र, दरवाजों के पास छोटे और स्लीक अलार्म उपकरण, बाहरी संकेतक लाइट, मल्टीकलर मल्टीलिंगुअल डिस्प्ले बोर्ड, एकसमान रोशनी और हैंडरेल्स जैसी अनेक सुविधाएं शामिल हैं। ये सभी विशेषताएं इन रेक्स को कोलकाता मेट्रो की अब तक की सबसे उन्नत रेक्स बनाती हैं।

तकनीकी दृष्टिकोण से इन रेक्स में वर्षा जल निकासी चैनल, बिना पेंट वाले स्टेनलेस स्टील बॉडी, बेहतर डोर चैनल साइड स्टॉपर के साथ और ऊर्जा की बचत करने वाली प्रणाली को शामिल किया गया है, जिससे ये रेक्स पर्यावरण के प्रति अधिक अनुकूल बनती हैं।

सुरक्षा के मामले में भी ये रेक्स अत्यंत आधुनिक हैं। इनमें डिस्क ब्रेक प्रणाली, स्ट्रैप के साथ कंट्रोल्ड डिस्चार्ज फायर एक्सटिंग्विशर, चौड़ा इवैकुएशन डोर और एंटी-स्किड रबर फ्लोरिंग के साथ इवैकुएशन रैंप जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

मेट्रो रेलवे कोलकाता की यह पहल आने वाले समय में यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## 'ममता का मंदिर' के बुजुर्गों के लिए प्राइड होटल्स ने प्रदान किया जेनेरेटर

**❑ बुराई के प्रचार से बचो, सत्कर्म को जन-जन तक पहुंचाओं : प. मालीराम शास्त्री**

**कोलकाता :** 'समाज आज भी नेक-भले और परोपकारी लोगों से भरा पड़ा है लेकिन वर्तमान में बुराई को बताने और उसको जन-जन तक फैलाने का काम जिस तेज गति से हो रहा है जिसके कारण ही सत्कर्मों पर दुष्कर्मों का बोलबाला प्रतीत हो रहा है जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। आज भी संसार में सत्कर्म सर्वोपरि है जिसके बल पर ही यह दुनिया टिकी हुई है।' ये उद्गार परम श्रद्धेय भागवत मर्मज्ञ पंडित श्री मालीराम जी शास्त्री ने राजारहाट के पाथेरघाटा में अपनों द्वारा ठुकराये गये बुजुर्गों के लिए भागवत जनकल्याण ट्रस्ट की ओर से संस्थापित 'ममता का मंदिर' में प्राइड होटल्स एंड रिसोर्ट्स की ओर से प्रदत्त 20 के.वी. का जेनेरेटर ग्रहण करते हुए व्यक्त किए। पंडित शास्त्री ने इसके लिए प्राइड होटल्स ग्रुप के ऐसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट श्री विनय ठाकुर व कम्पनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि इस जेनेरेटर की बदौलत यहां रहने वाले बुजुर्गों को लोडशेडिंग के दौरान भी बिजली की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने आह्वान किया कि समाज में हो रहे ऐसे पावन पुनीत कार्यों से लोगों को अवगत कराने की जरूरत है जिससे दूसरे लोग भी ऐसे कार्यों की ओर प्रेरित हों और समाज के जरुरतमंद लोग अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें । पं. शास्त्री ने सभी अधिकारियों को दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर शुभाशीष भी प्रदान किया।



# बंगाल में अगले चार दिनों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

## 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना



कोलकाता : बंगाल में आंधी-तूफान की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण कई जिलों में हवा और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिम बंगाल में अगले चार दिनों में मध्यम से लेकर तीव्र आंधी-तूफान की संभावना है क्योंकि इस क्षेत्र में ऊपरी हवा का संचार हो रहा है। वहीं अलीपुर मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवात के कारण अगले बुधवार तक दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में तूफान और बारिश होगी। ऐसे में पूर्व-पश्चिम बर्द्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों में आंधी-तूफान और काल बैसाखी की संभावना है। वहीं छिटपुट ओलावृष्टि और बिजली गिरने का भी खतरा है। पूर्व-पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, 24 परगना और नादिया में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। आज यानी सोमवार को चार जिलों में तूफान और बारिश का असर ज्यादा रहेगा। पूर्व बर्द्धमान, बीरभूम, नादिया और मुर्शिदाबाद में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी और गरज के साथ बारिश होगी। शेष दक्षिण के जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज और बिजली गिरने के साथ बारिश होने का खतरा है। मंगलवार को बीरभूम, बर्द्धमान, हुगली, नादिया और मुर्शिदाबाद में तूफान और बारिश की मात्रा थोड़ी बढ़ सकती है। बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बाकी जिलों में भी स्थिति ऐसी ही रहेगी। अलीपुर ने कहा कि बुधवार को 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, नादिया और मुर्शिदाबाद में आंधी और बारिश होने की संभावना है। इस बीच, मंगलवार तक उत्तर बंगाल में तूफान और बारिश का अनुमान है।

## बेहाला में एक अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, इलाके में मचा हड़कंप



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेहाला स्थित जेम्स लॉन्ग सरणी की एक चार मंजिला आवासीय इमारत में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें चौथी मंजिल के एक फ्लैट की खिड़की और बालकनी से निकलती दिखाई दीं और पूरा क्षेत्र घने काले धुएं की चादर में लिपट गया। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों को इमारत में केवल एक ही सीढ़ी होने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, आग पहले रसोईघर से उठी और फिर तेजी से पूरे फ्लैट में फैल गई। दमकल विभाग की तत्परता से आग पर नियंत्रण पा लिया गया। हालांकि, फिलहाल आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी।

## नदिया में 4 बांग्लादेशी घुसपैठिए एवं भारतीय दलाल गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में पुलिस ने फिर 4 बांग्लादेशी घुसपैठिए एवं एक भारतीय दलाल को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी गत शनिवार को जिले धनतला थाने की पुलिस ने किया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मोहम्मद दुलाल सिकदर, तापोश सरकार, जॉय दास और मुन्नी हाउलादर है। वे बांग्लादेश के खुलना, जेसोर, नरैल और पटुआखाली जिलों के रहने वाले हैं। जबकि, गिरफ्तार भारतीय दलाल का नाम रूबेल मोंडल है। वह धनतला थाना अंतर्गत कनीबामणि इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये चारों बांग्लादेशी घुसपैठिए शनिवार को गिरफ्तार किए गए एक भारतीय दलाल के माध्यम से बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वे काम की तलाश में भारत में घुसे थे। पुलिस ने गिरफ्तार सभी पांच लोगों को रविवार को अदालत में पेश किया।

## अमेजन इंडिया की ग्रेट समर सेल 1 मई से शुरू, ग्राहकों के लिए है खास ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया की बहुप्रतीक्षित ग्रेट समर सेल 2025 का आगाज 1 मई से हो गया है। जिसमें प्राइम मेंबर्स को मध्यरात्रि से 12 घंटे पहले अर्ली एक्सेस मिल रहा है। सैमसंग एआई और इंटेल के सहयोग से आयोजित इस सेल में उपभोक्ताओं को स्मार्टफोन, होम अप्लायंसेज, फैशन, ग्रॉसरी, टेक गैजेट्स और ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर 80% तक की छूट मिल रही है। इस खास ऑफर्स में - सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, आईफोन 15, एलजी टीवी, एचपी लैपटॉप्स और टाइटन घड़ियां शामिल है। अमेजन पे के जरिए शॉपिंग पर 5,000 रुपए तक के रिवॉर्ड्स, फ्लाइट और होटल बुकिंग पर भारी छूट और 60,000 रुपए तक का इंस्टेंट क्रेडिट भी उपलब्ध है। इसके अलावा, अमेजन ने डिलीवरी पिन कोड्स में 11% की वृद्धि की है, जिससे अब 20,000+ उत्पाद 4 घंटे में डिलीवर किए जा सकेंगे। उपभोक्ता अमेजन पर इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। वंतिका भारत की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं और तीन बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्हें 45वें ओलंपियाड में दो स्वर्ण पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक मिला। एलजी के एमडी होंग जू जियोन ने कहा कि वंतिका की उपलब्धियां ब्रांड के नवाचार और उत्कृष्टता के मूल्यों से मेल खाती हैं। वंतिका ने भी इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि एलजी का लाइफ्स गुड संदेश उनके जीवन के मूल्यों से जुड़ा है। यह साझेदारी न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी, बल्कि एलजी की उपभोक्ता-केंद्रित सोच को भी मजबूती देगी। वंतिका, जो महिला ग्रैंडमास्टर और अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब रखती हैं, अब एलजी की छवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

## सीएमएफ फोन 2 प्रो की 5 मई से ओपन सेल, शुरुआती कीमत 16,999

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंदन की टेक कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने अपने नए स्मार्टफोन सीएमएफ फोन 2 प्रो की ओपन सेल की घोषणा कर दी है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। पहले दिन इसे 16,999 की स्पेशल इंट्रोडक्टरी कीमत पर खरीदा जा सकेगा। 28 अप्रैल को लॉन्च हुआ यह फोन सेगमेंट का पहला 50एमपी टेलीफोटो लेंस, 50एमपी मुख्य कैमरा, और 8एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा जैसे एडवांस फीचर्स के साथ आता है। सिर्फ 7.8एमएम पतला और 185 ग्राम वजनी यह फोन कंपनी का अब तक का सबसे हल्का और पतला मॉडल है। आईपी54 रेटिंग, मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 प्रोसेसर, और 2एक्स ऑप्टिकल जूम इसे पावरफुल और टिकाऊ बनाते हैं। आकर्षक डिजाइन और प्रीमियम फीचर्स के साथ, यह एक बेहतरीन डेली स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

## सिलीगुड़ी में छह म्यांमार नागरिक गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी :** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत से नेपाल में प्रवेश करने से पहले छह म्यांमार नागरिकों को पकड़ा है। एसएसबी के जवानों ने खोरीबाड़ी महकमा के पानीटंकी सीमांत इलाके से सभी को पकड़ा है। एसएसबी के अनुसार, शनिवार को नेपाल जाते समय एसएसबी के जवानों ने तीन लोगों को संदेह के आधार पर पकड़ा। बारी-बारी से पूछताछ करने पर तीन अन्य लोगों की जानकारी मिली। जिनको एसएसबी के जवानों ने पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे म्यांमार के निवासी है। भारत में प्रवेश करने के बाद दिल्ली में अवैध रूप से आधार कार्ड बनवाए थे। एसएसबी को आरोपितों के पास से कोई पासपोर्ट या वीजा नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने को सौंप दिया। खोरीबाड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## जायसवाल महिला क्लब का वृक्षरोपण कार्यक्रम संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** जायसवाल महिला क्लब (पश्चिम बंगाल) की अध्यक्ष रजनी गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के सामने कलकत्ता स्टेशन के पास लेडिस आरपीएफ बैरक, कलकत्ता के अंदर मैदान में महिलाओं के सहयोग से वृक्षरोपण किया गया। कार्यक्रम में क्लब की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रजनी गुप्ता के साथ आरपीएफ की अनु, अनीता और संगीता के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। क्लब की महिलाओं में सीता, अनीता, सुषमा, बबीता, नीलम सोनी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही, वहां कुछ स्ट्रीट बच्चों में बिस्कुटव शर्बत बांटे गए।

## एचसीएल फाउंडेशन ने एचसीएलटेक ग्रांट 2025 के विजेताओं की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक तकनीकी कंपनी एचसीएलटेक की सामाजिक शाखा एचसीएलफाउंडेशन ने एचसीएलटेक ग्रांट 2025 के विजेता गैर-सरकारी संगठनों की घोषणा की है। यह अनुदान शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों में कार्यरत प्रभावशाली परियोजनाओं को 5 करोड़ तक की सहायता प्रदान करता है। इस वर्ष 13,925 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। 10वें संस्करण में चयनित विजेता एनजीओ हैं- लोकमाता रानी रश्मोनी मिशन (पर्यावरण), गुरुप्रिया विजन रिसर्च फाउंडेशन (स्वास्थ्य) और रेज्ड लाइन्स फाउंडेशन (शिक्षा)। छह उपविजेता एनजीओ को 25 लाख की अनुदान राशि मिली। अब तक 152.8 करोड़ की सहायता से 59 परियोजनाओं को समर्थन दिया जा चुका है। एचसीएलफाउंडेशन की निदेशक डॉ. निधि पुंधीर ने कहा कि यह पहल दूरदराज क्षेत्रों में स्थायी विकास में सहायक है। एचसीएलटेक ग्रांट, नवाचार और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सत्व सुकुन लाइफकेयर को बीएसई से 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** घरेलू सजावट और सुगंध उत्पादों की निर्माता कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को अपने प्रस्तावित 49.50 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने इस मंजूरी के बाद कार्यशील पूंजी, व्यापार विस्तार और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश के लिए आय का उपयोग करने की योजना बनाई है। कंपनी ने वित्तीय 2024-25 की तीसरी तिमाही में 29% वृद्धि के साथ 195.94 लाख रुपए की आय और 84% वृद्धि के साथ 69.23 लाख रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इसके अलावा, वर्ष 2024-25 के नौ महीनों में शुद्ध लाभ 126% बढ़कर 164.80 लाख रुपए हो गया। कंपनी के बोर्ड ने 3500 लाख रुपए के निवेश और 500 लाख रुपए के व्यापार विस्तार के आवंटन को भी मंजूरी दी है। सत्व सुकुन लाइफकेयर के प्रीमियम सुगंध और सजावट उत्पाद ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपलब्ध हैं।

## रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने राइट्स इश्यू के लिए किया ऐलान, फार्मा क्षेत्र में नई लहर की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है। जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से मंजूरी मिल चुकी है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल 2025 को खुलेगा और 14 मई 2025 को बंद होगा। इस इश्यू के माध्यम से कंपनी 49.19 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है, जिसे अनुसंधान एवं विकास, कार्यशील पूंजी, उच्च गुणवत्ता वाली दवा उत्पादों के उत्पादन और अंतरराष्ट्रीय विस्तार में निवेश किया जाएगा। रेमेडियम लाइफकेयर के प्रबंध निदेशक आदर्श मुंजाल ने इस पहल को कंपनी के विकास की नई दिशा बताया है। उन्होंने कहा कि राइट्स इश्यू से जुटाई गई पूंजी कंपनी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी। इससे पहले कंपनी ने हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ 182.7 करोड़ का समझौता किया था। रेमेडियम लाइफकेयर का लक्ष्य केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) विकार, चयापचय स्थितियों और ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में भी अनुसंधान प्रयोगशालाओं की स्थापना करना है।

## सोसायटी बेनिफिट सर्कल का निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा हमीरागाछी स्थित संस्था के चिकित्सालय से चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसमें करीब 56 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में वितरित हुए। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के निर्देश पर संस्था लगातार सेवा कार्य के नए आयामों को छू रही है। अध्यक्ष पवन बंसल के साथ संस्था के मनोज चौधरी, महेश काबरा, गोपाल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अरुण झुनझुनवाला, अनु मिश्र आदि की उपस्थित एवं योगदान से शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का हुआ आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के सानिध्य में रविवार से बिनानी धर्मशाला में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। यह महायज्ञ देश के प्रगति, विश्व शांति और लोक कल्याण के ध्येय से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह द्वारा किया गया है। इस महायज्ञ का शुभारंभ वाराणसी से आए विद्वान पुरोहितों की उपस्थिति में हुआ। श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। श्री ललिता सहस्त्रनाम के मंत्रों का एक करोड़ बार पाठ सुहासिनी महिलाओं और श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया और माता ललिता को प्रसन्न करने हेतु कुमकुम से अर्चन किया गया। इस अवसर पर अप्पू राय, लीला जायसवाल समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# राज्यों की खबरें

## मुर्शिदाबाद हिंसा में अपने पतियों को गंवाने वाली दो महिलाओं ने राज्यपाल से सुरक्षा की मांग की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुई हिंसा में अपने पतियों को गंवाने वाली एक महिला और उसकी बहू ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और पुलिस उन्हें धमका रही है। पारुल दास और पिंकी दास ने चार पन्ने के पत्र में राज्यपाल बोस से आग्रह किया कि वह कलकत्ता उच्च न्यायालय तक उनकी सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था करें, जहां वे याचिका दायर करना चाहती हैं। मुर्शिदाबाद हिंसा में अपने पतियों को खोने वाली दोनों महिलाओं ने पत्र में कहा, 'हम हरगोबिंद दास और चंदन दास की विधवाएं, टूटे हुए दिल और कांपते हाथों से आपको पत्र लिखकर न्याय और सुरक्षा की मांग कर रही हैं। हम यह बात एक गुप्त स्थान से लिख रही हैं, क्योंकि हम न केवल सत्ताधारी पार्टी की धमकियों से डरी हुई हैं, बल्कि हमें पुलिस से भी डर है, जो हमें लगातार धमका रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि बिधाननगर पूर्व पुलिस थाने की एक टीम ने सुबह साल्ट लेक बीजी ब्लॉक से उनका अपहरण करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे हरगोबिंद के छोटे बेटे समर्थ की शिकायत मिलने के बाद साल्ट लेक बीजी ब्लॉक गए थे। पिछले महीने मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के दौरान हरगोबिंद दास और उसके बेटे चंदन की हत्या कर दी गई थी।

## किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा जाना चाहिए: धनखड़




**ग्वालियर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को अमेरिकी पैटर्न के आधार पर किसानों के लिए उर्वरक सब्सिडी में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की वकालत की और कहा की किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा जाना चाहिए, जैसे कि विधायकों और सांसदों के वेतन के मामले में रखा जाता है। ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, प्रधानमंत्री ने विधायकों और सांसदों के वेतन में संशोधन करते समय मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा, तो किसानों का समर्थन करते समय क्यों नहीं? किसानों को दी जाने वाली सहायता में भी मुद्रास्फीति का ध्यान रखा जाना चाहिए। धनखड़ ने उर्वरक सब्सिडी में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, अमेरिका में, किसानों को प्रदान की जाने वाली सभी सहायता सीधे दी जाती है, न कि बिचौलियों के माध्यम से। जिस तरह हमारे पास भारत में पीएम-किसान योजना है, उसी तरह भारत सरकार भी उर्वरक सब्सिडी पर भारी खर्च करती है। उन्होंने कहा कि यदि यही पैसा सीधे किसानों को हस्तांतरित किया जाता है, तो भारत में प्रत्येक किसान परिवार को प्रति वर्ष कम से कम 30,000 रुपये मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, यह राशि सीधे उन्हें दी जानी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि वर्तमान में जब सरकार उर्वरक सब्सिडी प्रदान करती है, तो किसान वास्तव में इसके प्रभाव को महसूस नहीं करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हमें किसानों को सब्सिडी का सीधा हस्तांतरण सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका में किसान के परिवार की आय आम परिवार की आय से अधिक है। धनखड़ ने किसानों की आय और जीवन स्तर में सुधार के लिए मूल्य संवर्धन श्रृंखला में उनकी भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, किसान का जीवन तभी बदल सकता है जब वह समृद्ध हो। किसान परिवारों के बच्चों को कृषि से संबंधित कार्य के नए क्षेत्रों में प्रवेश करना चाहिए। आज देश का सबसे बड़ा व्यवसाय कृषि व्यापार है। उन्होंने कहा, बस कृषि विपणन के विशाल पैमाने को देखें। मंडियां हैं और बिचौलिए हैं। आर्थिक रूप से, यह एक खगोलीय आंकड़ा है। लेकिन क्या किसान इसमें हितधारक है? नहीं। किसान सिर्फ एक उत्पादक बनकर रह गया है। हमें इस मानसिकता को बदलना होगा। तुरंत उत्पादन और बिक्री करना विवेकपूर्ण निर्णय नहीं है। किसानों के लिए सब्सिडी को मुद्रास्फीति से जोड़े जाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''किसानों को अप्रत्यक्ष सहायता मिलती है, जिसे हम सब्सिडी के रूप में संदर्भित करते हैं। लेकिन पहली बात यह है कि किसानों को दी जाने वाली किसी भी सहायता को मुद्रास्फीति से जोड़ा जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को प्रति वर्ष दी जाने वाली 6,000 रुपये की सहायता आज भी वही है। उन्होंने कहा, कोई भी अर्थशास्त्री आपको यह बताएगा कि जब इसे पेश किया गया था तो 6,000 रुपये की क्रय शक्ति अब पहले जैसी नहीं रही है। उपराष्ट्रपति ने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, विकसित भारत का रास्ता हमारे किसानों के खेतों से होकर जाता है। भारत हमेशा से एक कृषि उन्मुख राष्ट्र रहा है, और अब हम एक कृषि क्रांति के कगार पर खड़े हैं जो हमारे भविष्य को आकार देगी। धनखड़ ने किसानों की दुर्दशा और दर्द के प्रति संवेदनशील होने के महत्व पर जोर दिया।

## खरगे से मिलूंगा और गोगोई के 'पाकिस्तान प्रवास' के बारे में पूछूंगा : हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करेंगे और पूछेंगे कि विपक्षी पार्टी ने सांसद गौरव गोगोई को टिकट क्यों दिया, जिन्होंने कथित तौर पर पाकिस्तान का दौरा किया था। शर्मा पर पलटवार करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने उन्हें इस मुद्दे पर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। पंचायत चुनाव के सिलसिले में प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने 19 बार पाकिस्तान की यात्रा की थी। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और पाकिस्तानी एक जैसे हैं। उन्हें पाकिस्तान से हमदर्दी है। मैं सारी जानकारी लेकर खरगे से मिलूंगा। हमें जवाब चाहिए। मैं उनसे पूछूंगा कि अगर आपके सांसद का व्यवहार ऐसा है, तो आप ऐसे व्यक्ति को टिकट क्यों देते हैं? मैं यहीं नहीं रुकूंगा, मैं आगे भी सवाल करना जारी रखूंगा।'' शर्मा ने कहा, ''पाकिस्तान में देखने लायक कुछ नहीं है... ऐसे में कोई व्यक्ति वहां 15 दिन कैसे रह सकता है? जब तक कोई व्यक्ति कुछ प्रशिक्षण नहीं लेता, तब तक वहां जाने का कोई औचित्य नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जिस तरह गोगोई नमाज अदा करते हैं, कोई भी मुसलमान इतनी कुशलता से नमाज अदा नहीं कर सकता। पलटवार करते हुए गोगोई ने कहा कि शर्मा उनके परिवार का नाम घसीटकर राजनीति करने में व्यस्त हैं, जबकि वह (गोगोई) लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। गोगोई ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि उनके और उनकी पत्नी के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच के लिए गठित एसआईटी की जांच का क्या हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि वह जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक करें।

## भारतीय छात्र को अमेरिकी छात्रवृत्ति मिली, कॉलेज फीस के लिए 10,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे

**जम्मू :** भारतीय छात्र जपतग सिंह बमराह ने अमेरिका की प्रतिष्ठित 'ऑनर्सग्रैंडयू 2025 छात्रवृत्ति' हासिल की है, जिसके तहत उसे ''बेहतर भविष्य का निर्माण'' पुरस्कार के साथ-साथ 10,000 डॉलर का अनुदान और उसके अभूतपूर्व 'सोलर मेक इंजन प्रोजेक्ट' के लिए 5000 डॉलर का अतिरिक्त अनुदान मिलेगा। जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, जिज्ञासा हैकाथॉन पहल के तहत जम्मू स्थित सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषधि संस्थान (आईआईआईएम) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नासिर उल रशीद के मार्गदर्शन में डलहौजी पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र बमराह के नवाचार को विश्वभर से आवेदन करने वाले छात्रों में से चुना गया, जिससे उन्हें इस वर्ष दुनियाभर में प्रदान की जाने वाली पांच प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियों में से एक छात्रवृत्ति मिली।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच फिरोजपुर छावनी बोर्ड ने 'ब्लैकआउट' अभ्यास किया

**फिरोजपुर (पंजाब):** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में फिरोजपुर छावनी बोर्ड ने रविवार शाम 30 मिनट का 'ब्लैकआउट' अभ्यास किया। अधिकारियों ने बताया कि 'ब्लैकआउट' अभ्यास रात नौ बजे से साढ़े नौ बजे तक छावनी क्षेत्र में किया गया। उन्होंने बताया कि रात नौ बजे सायरन बजने के बाद इलाके की सभी लाइट बंद कर दी गईं। इससे पहले, फिरोजपुर छावनी बोर्ड ने यह अभ्यास करने के संबंध में उपायुक्त दीपशिखा शर्मा को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था, ''आपसे अनुरोध है कि पूर्ण 'ब्लैकआउट' को देखते हुए इस अवधि के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध के खतरे के दौरान 'ब्लैकआउट' प्रक्रियाओं को लागू करने की तैयारी और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना है। इस अभ्यास को सफल बनाने में आपका समर्थन और सहयोग महत्वपूर्ण है। शर्मा ने एक बयान में कहा कि 'ब्लैकआउट' एक नियमित तैयारी से जुड़े अभ्यास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि छावनी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रात नौ बजे से साढ़े नौ बजे तक ठप रहेगी। शर्मा ने कहा, ''घबराने की कोई जरूरत नहीं है। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और जरूरत पड़ने पर आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार है। इस बीच, उप महानिरीक्षक हरमनबीर गिल ने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों, ज्ञात अपराधियों और तस्करों पर कड़ी नजर रख रही है।

## हिमाचल को उसके हक का पानी मिलना चाहिए : मुख्यमंत्री सुक्खू



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि राज्य के लोगों को उनके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। सुक्खू ने यह टिप्पणी पंजाब और हरियाणा की सरकारों के बीच भाखड़ा बांध के जल बंटवारे को लेकर जारी विवाद के बीच कीॉ। उन्होंने कहा, ''हिमाचल प्रदेश की सबसे कीमती प्राकृतिक संपदा पानी है। राज्य 12,000 मेगावाट बिजली पैदा करता है, फिर भी हिमाचल को इससे क्या हासिल हुआ?'' सुक्खू ने सवाल किया, ''सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) 6,700 करोड़ रुपये की कंपनी बन गई है, लेकिन हमें यह पूछना होगा कि बदले में हिमाचल को क्या हासिल हुआ? पंजाब और हरियाणा पानी के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन पानी हिमाचल से बह रहा है। बदले में हमें क्या मिल रहा है?'' मुख्यमंत्री ने न्यू शिमला के सेक्टर-5 में 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पार्किंग सुविधा का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने एक अन्य पार्किंग सुविधा, एक सामुदायिक केंद्र और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की। सुक्खू ने कहा, ''मेरी बहन यहीं रहती है और मेरा बचपन भी यहीं बीता है। मेरी राजनीतिक यात्रा भी यहीं से शुरू हुई थी।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने तोड़फोड़ की, 14 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के चूरू जिले में एक युवती द्वारा प्रेम विवाह किए जाने से नाराज उसके परिजनों और रिश्तेदारों ने लड़के के चाचा के घर में कथित तौर पर तोड़फोड़ व आगजनी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना शनिवार देर रात सरदारशहर के देराजसर गांव में हुई। हालांकि, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने आगजनी व तोड़फोड़ के मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि देराजसर निवासी सांवरमल आचार्य (47) ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भतीजे संदीप पुत्र सोमाराम ने सीताराम की बेटी अनुराधा के साथ प्रेम विवाह किया। यादव के मुताबिक, इस बात को लेकर लड़की के परिजन व गांव के कुछ लोग रंजिश रखने लगे और 35-40 लोगों ने उनके घर में शनिवार रात को आगजनी व तोड़फोड़ की।

### बिहार के पटना में देसी बम में विस्फोट से छह साल की बच्ची झुलसी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में दो देसी बम में विस्फोट होने से छह साल की बच्ची झुलस गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात पीरबहोर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले बाकरगंज इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि बच्ची की पहचान उजागर नहीं की गई है, उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। टाउन-1 (पटना) की उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दीक्षा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पुलिस को शनिवार रात करीब नौ बजे बाकरगंज इलाके में दो देसी बम में विस्फोट होने की सूचना मिली।

### मथुरा में सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत, तीन अन्य घायल

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले के यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मांट थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जसबीर सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना जाबरा गांव के समीप 'किमी 98' के मध्य शनिवार/रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे हुई। उन्होंने अंदेशा जताया कि गाड़ी, चालक की आंख लग जाने से आगे चल रहे किसी बड़े वाहन से जा भिड़ी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सिंह ने बताया कि कार में नोएडा की गौर सिटी के निवासी प्रेम सिंह, उनकी पत्नी पूजा व पुत्र सूर्य सिंह तथा दिल्ली के विश्वास नगर निवासी रोशन सवार थे।

# किसान योजनाओं के लाभार्थी मात्र नहीं, विकास के भागीदार बनेंगे: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कृषि क्षेत्र की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा, 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा, '2016-17 में जहा खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।' आदित्यनाथ ने बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगेती व पछेती बुआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आह्वान किया। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें और समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को उनके निस्तारण के आदेश दिये। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान 60 से अधिक फरियादियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिकों के चेहरे पर खुशहाली लाना ही सरकार की प्राथमिकता है और सरकार इसके लिए पहले दिन से ही कार्य कर रही है। बयान के मुताबिक जनता दर्शन कार्यक्रम में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आये। फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर : अखिलेश



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अन्याय की कोई सीमा नहीं रह गई है और यह पहली बार दिख रहा है कि प्रदेश के अधिकारी इस राज्य के बाहर 'निवेश' कर रहे हैं। यादव ने यहां प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा अपने जिले सिद्धार्थनगर में गेहूं खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाए जाने के बाद कहा, इस सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। अन्याय भी उतना ही चल रहा है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार और अन्याय की वजह से ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार एकजुट हो गया है और इसी एकजुटता से घबराकर ही भाजपा ने जातिवार जनगणना का फैसला किया है। इस जनगणना में भी धांधली ना हो इसलिए भी पीडीए परिवार एकजुट रहे। सपा प्रमुख ने एक सवाल पर कहा, इस बार भारतीय जनता पार्टी की कोई चालबाजी नहीं चलेगी। यह लोग चुनाव में धांधली करते हैं, मगर इस बार उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में हम भाजपा की कोई भी चार सौ बीसी नहीं चलने देंगे। नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने प्रेस वार्ता में सिद्धार्थनगर जिले में गेहूं की सरकारी खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि गबन में भाजपा के लोग शामिल हैं और मुख्यमंत्री से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा प्रमुख यादव ने दावा किया, कई अधिकारियों के खिलाफ 165 करोड़ रुपये की धांधली को लेकर कार्रवाई होने जा रही है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, एक अधिकारी इतने ईमानदार थे कि उन्होंने अपने नाम पर एक भी फ्लैट नहीं रखा और अपने सहयोगी-साथियों के नाम पर न जाने कितने फ्लैट खरीद लिये।

## जमशेदपुर में एसयूवी में आग लगने से 55 वर्षीय व्यक्ति की जलकर मौत



**जमशेदपुर :** झारखंड के जमशेदपुर शहर में रविवार सुबह 55 वर्षीय एक व्यक्ति की उसकी एसयूवी में आग लगने से जलकर मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब निर्माण सामग्री का कारोबार करने वाले सुनील अग्रवाल कदमा स्थित अपने घर से मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि एसयूवी क्रेटा में एक रसोई गैस सिलेंडर और सिगरेट के टुकड़े मिले। पुलिस ने बताया कि जला हुआ शव चालक की सीट पर पाया गया। उसने बताया कि घटना का वास्तविक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है तथा जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि आग लगने से एसयूवी जलकर खाक हो गई। उसने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उप्र: बाढ़ सुरक्षा के मद्देनजर 200 करोड़ रु से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर, श्रावस्ती, अमेठी, सीता-पुर, आजमगढ़, गाजीपुर और बुलंदशहर समेत कई जिलों में बाढ़ सुरक्षा के व्यापक उपायों के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, बरसात से पहले ही पुख्ता तैयारियों के लिए शासन ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि राज्य पोषित और नाबार्ड पोषित योजनाओं के तहत इन परियोजनाओं में आरसीसी पिलर, तटबंधों की मरम्मत, कटाव रोकने वाले कार्य और पम्पिंग स्टेशनों के निर्माण शामिल हैं। प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष को पत्र भेजकर निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को समयबद्ध ढंग से बाढ़ से पूर्व सभी कार्य पूरे करने होंगे। बयान के अनुसार, गोरखपुर में रोहिन नदी के दाएं तट पर मानीराम-डोमिनगढ़ तटबंध के पास पम्पिंग स्टेशन के लिए 57 करोड़ रुपये की लागत से नाबार्ड पोषित परियोजना को वित्तीय स्वीकृति दी गई है। इसके मुताबिक, इसके अलावा अन्य संबंधित जिलों की परियोजना के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### मैं राजग में ही रहूंगा : नीतीश कुमार



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को सत्ता में आने का श्रेय भारतीय जनता पार्टी को दिया और कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में ही बने रहेंगे। कुमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात दोहराई। इन खेलों में देश भर से हजारों युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पिछले एक दशक में कई बार साझेदार बदलने वाले नीतीश ने कहा, मैं हमेशा यहीं रहूंगा। मेरी पार्टी ने पहले भी मुझे कई बार यहां-वहां भेजा। लेकिन ऐसा दोबारा नहीं होगा। मुझे (मुख्यमंत्री) किसने बनाया? स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने।

### रांची में छह मई को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करेंगे खरगे



**रांची :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे छह मई को यहां पार्टी की 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। यह रैली रांची के पुराने विधानसभा मैदान में पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे होगी। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा, 'खरगे रांची में अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस के तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह पहली बार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भाग लेंगे।' शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पार्टी की विस्तारित समिति की बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

### राजस्थान के चुरू में ओले गिरे, कई जगह बारिश

**जयपुर :** एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते राजस्थान के चुरू जिले में ओलावृष्टि हुई है जबकि अनेक जगह बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह के दौरान राज्य के अनेक भागों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी के जयपुर केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक पिछले 24 घंटे की अवधि में चुरू जिले में ओलावृष्टि हुई। इस दौरान राजधानी जयपुर के साथ साथ बारां, सिरोही, नागौर, जोधपुर, बीकानेर व पाली जिले में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। जयपुर सहित कई जिलों में शनिवार शाम तेज आंधी के बाद बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य में भीषण गर्मी नहीं पड़ेगी। इसने एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के अनेक भागों में मेघ गर्जन के साथ 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने, आकाशीय बिजली गिरने और हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

### संभल में 33 निजी स्कूलों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना

**संभल (उप्र):** संभल जिला प्रशासन ने छात्रों को खास पुस्तक विक्रेताओं से किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने और सरकार के नियमों का उल्लंघन कर निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों का इस्तेमाल करने के मामले में 33 निजी स्कूलों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। संभल के जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया के हवाले से रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जिले में संचालित सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध स्कूलों में इस्तेमाल की जा रही पाठ्यपुस्तकों की जांच की गयी और इसमें पाया गया कि 33 स्कूल या तो निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों का इस्तेमाल करा रहे थे या छात्रों को केवल निर्दिष्ट पुस्तक विक्रेताओं से किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे थे। बयान के मुताबिक, इसे उत्तर प्रदेश स्व-वित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 का उल्लंघन माना गया और 33 स्कूलों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि जिला प्रशासन ने स्कूलों को एक सप्ताह के भीतर जुर्माना जमा करने और रसीद जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को सौंपने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि अनुपालन न करने की स्थिति में आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

## रांची में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा आयोजित

**रांची :** चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक रविवार को रांची में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि शहर के 22 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा अपराह्न दो बजे शुरू हुई और शाम पांच बजे समाप्त हुई। रांची के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उत्कर्ष कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने से पहले सभी छात्रों की उचित जांच की गई। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा का जिम्मा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राज्य के अन्य शहरों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कहीं से भी गड़बड़ी की कोई घटना सामने नहीं आई। नीट-स्नातक के अंकों का इस्तेमाल एमबीबीएस में दाखिले के लिये किया जाता है। नीट-यूजी में प्रश्न पत्र लीक सहित कथित अनियमितताओं के सामने आने के एक साल बाद ये सख्त कदम उठाए गए हैं। कथित अनियमितताओं की वजह से परीक्षा की शुचिता सवालों के घेरे में आ गई थी।

## ससुराल बुलाकर युवक की हत्या के आरोप में पत्नी और प्रेमी समेत सात गिरफ्तार

**बलरामपुर (उप्र) :** बलरामपुर जिले के महराजगंज तराई थाने के जुगलीकला गांव में ससुराल गए एक युवक की गला रेत कर हत्या करने के आरोप में उसकी पत्नी और प्रेमी समेत सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि मृतक हरेंद्र वर्मा की पत्नी उमा देवी का गांव के युवक जितेंद्र वर्मा से पिछले कई वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था। उन्होंने बताया कि दोनों ने हरेंद्र वर्मा को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची और पत्नी उमा देवी ने अपने भाई की शादी में हरेंद्र वर्मा को अपने मायके बुलाया। एसपी ने बताया कि शुक्रवार की रात जितेंद्र वर्मा ने हरेंद्र वर्मा को उसके सुसराल के पास बुलाया और फिर अपने मित्रों के साथ चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में शामिल पत्नी उमा देवी, प्रेमी जितेंद्र वर्मा, मुकेश कुमार, सचिन यादव, अखिलेश यादव, संतोष, मुकेश साहू सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त छह मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, खून लगे कपड़े एवं जूते तथा हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राजस्थान : बारां जिले में व्यक्ति की हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**कोटा :** राजस्थान में बारां जिले के मांगरोल कस्बे में 45 वर्षीय व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार घटना एक पारिवारिक विवाद के कारण हुई। मांगरोल के थानाधिकारी महेंद्र मीणा के अनुसार, रूंडी गांव के रहने वाले रामदयाल गुर्जर शनिवार शाम मांगरोल कस्बे में एक दुकान पर चाय पी रहे थे, तभी चार नकाबपोश लोगों ने उन पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल रामदयाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बारां जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विदेश की खबरें

## उम्मीद करता हूं कि यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी : पुतिन



**मॉस्को:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को प्रसारित एक संदेश में कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है और उम्मीद करता हूं कि आगे भी ऐसी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सरकारी टेलीविजन पर पुतिन का साक्षात्कार प्रसारित होने से पहले टेलीग्राम पर साक्षात्कार का पूर्वावलोकन साझा किया गया है जिसमें पुतिन कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि रूस के पास यूक्रेन में संघर्ष को 'तार्किक निष्कर्ष' तक पहुंचाने की ताकत और साधन है। यूक्रेन द्वारा रूसी क्षेत्र पर किये जा रहे हमलों के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल के जवाब में पुतिन ने कहा, 'उन (परमाणु) हथियारों का उपयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं थी ... और मुझे आशा है कि उनकी आवश्यकता नहीं होगी।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास पर्याप्त शक्ति और साधन हैं, जिससे 2022 में जो शुरू किया गया था, उसे रूस की अपेक्षाओं के अनुरूप तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके।'

## चीन में दो पर्यटक नौकाएं पलटीं, तीन व्यक्तियों की मौत, 14 लापता

**बीजिंग :** चीन के गुइझोऊ प्रांत में एक नदी में रविवार को दो नौकाओं के पलटने से तीन व्यक्तियों की डूबने से मौत हो गई जबकि 14 अन्य लापता हैं। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, पर्यटक नौकाएं कियानक्सी शहर में एक नदी में पलट गईं, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए। शिन्हुआ के अनुसार 60 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पानी में गिरे लोगों की तलाश करने और घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है।

## यमन से दागी गई मिसाइल के कारण करीब एक घंटे तक उड़ानें बंद रही




**बेन गुरियन अंतरराष्ट्री हवाई अड्डा (इजराइल) :** यमन के ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा रविवार को दागी गई मिसाइल के कारण इजराइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें करी एक घंटे तक बाधित रहीं। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी मिसाइल के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। हूती विद्रोही गाजा में युद्ध के दौरान फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजराइल पर हमला कर रहे हैं। बेन-गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला शीर्ष इजराइली कैबिनेट मंत्रियों द्वारा गाजा पट्टी में देश के सैन्य अभियानों को तेज करने के बारे में मतदान करने से कुछ घंटे पहले हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच सेना ने गाजा में व्यापक अभियान की संभावना के मद्देनजर हजारों आरक्षित सैनिकों को बुलाना शुरू कर दिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा रविवार को दागी गई मिसाइल के कारण इजराइल के कई हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली मीडिया द्वारा प्रसारित तस्-वीरों अनुसार, हवाई अड्डे पर धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। तस्वीरों में दिख रहा है कि यात्री दहशत में चिल्ला रहे हैं और छिपने के लिए भाग रहे हैं। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद हवाई, सड़क और रेल यातायात रोक दिया गया। इजराइल हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि करीब एक घंटे बाद यातायात फिर से शुरू हो गया। इजराइल के पैरामेडिक सर्विस मैगन डेविड एडोम ने बताया कि चार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि समूह ने हवाई अड्डे पर एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हवाई अड्डे पर हमले का बदला लेने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, 'जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे सात गुना नुकसान पहुंचाएंगे।'

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों से अवगत कराएगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रम पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जानकारी देने का फैसला किया है। विदेश कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि विदेश मंत्री इशाक डार ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार को सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। यह निर्णय पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत में तनाव के बीच आया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला था। विदेश कार्यालय ने कहा, पाकिस्तान भारत की आक्रामक कार्रवाइयों, उकसावे और भड़काऊ बयानों के बारे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित करेगा। इसमें कहा गया है, पाकिस्तान सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के अवैध कार्यों को विशेष रूप से उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि देश यह स्पष्ट करेगा कि नयी दिल्ली की कार्रवाइयां किस प्रकार क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं। इसमें कहा गया है, यह महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष सटीक तथ्य प्रस्तुत करने के पाकिस्तान के प्रयासों का हिस्सा है।

### भारत-पाक तनाव से जुड़ी बैठक में शामिल होने के सरकार के आमंत्रण को इमरान खान की पार्टी ने ठुकराया

**पेशावर :** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने रविवार को राजनीतिक शिकायतों का हवाला देने के साथ व्यापक राजनीतिक परामर्श की मांग करते हुए पाकिस्तान-भारत तनाव को लेकर आयोजित बैठक में शामिल होने के सरकार के आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। पीटीआई प्रवक्ता शेख वकास अकरम ने एक बयान में बैठक का बहिष्कार करने के पार्टी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि पीटीआई हालांकि सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करती है और राष्ट्रीय एकता के महत्व को पहचानती है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में वह इसमें भाग नहीं ले सकती। अकरम ने कहा, पीटीआई के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान को गलत तरीके से जेल में डाला गया है। इसके बावजूद, उन्होंने जेल से अपने संदेशों में लगातार आतंकवाद की निंदा की है और राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया है। उनका रुख एक सच्चे राष्ट्रीय नेता की दूरदर्शिता को दर्शाता है। पीटीआई ने कहा कि वह देश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरत पड़ने पर वह अग्रिम मोर्चे पर रहेगी। हालांकि, पार्टी ने सरकार से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण समय में सामूहिक निर्णय लेने के लिए तत्काल एक सर्वदलीय सम्मेलन (एपीसी) बुलाया जाए। अकरम ने कहा, यह राजनीतिक लाभ उठाने का समय नहीं है।

# संस्कृत करीब करीब सभी भारतीय भाषाओं की जननी है: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि किसी भी भाषा का विरोध नहीं है क्योंकि किसी को भी उसकी मातृभाषा से दूर नहीं किया जा सकता तथा संस्कृत लगभग सभी भारतीय भाषाओं की जननी है। यहां 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अधिकतर भारतीय भाषाओं की जननी के रूप में संस्कृत का प्रचार-प्रसार सिर्फ इसके पुनरुद्धार के लिए है, बल्कि राष्ट्र की समग्र प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए भी है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे संस्कृत समृद्ध और मजबूत होती जाएगी, वैसे-वैसे यह देश भर की हर भाषा और बोली को सशक्त



बनाएगी। उन्होंने कहा, ''हालांकि किसी भी भाषा का विरोध नहीं है, क्योंकि किसी को भी मातृभाषा से दूर नहीं किया जा सकता है, लेकिन संस्कृत लगभग सभी भारतीय भाषाओं की जननी है।'' गृह मंत्री ने कहा कि संस्कृत न केवल दुनिया की सबसे वैज्ञानिक भाषा है, बल्कि इसकी व्याकरणिक संरचना भी अद्वितीय है। उन्होंने 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों के आयोजन में संस्कृत भारती की उल्लेखनीय और साहसी पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा औपनिवेशिक शासन के युग से पहले ही सिमटने लगी थी और इसके पुनरुद्धार के लिए समय और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में संस्कृत के पुनरुत्थान के लिए अनुकूल माहौल बना है। शाह ने कहा कि सरकार, जनता और सामूहिक मानसिकता सभी संस्कृत के पुनरुद्धार और संवर्धन के लिए पूरी तरह समर्पित एवं प्रतिबद्ध हैं। गृहमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।'' उन्होंने बताया कि 'अष्टदशी' योजना के तहत करीब 18 परियोजनाएं चलायी जा रही हैं और केंद्र सरकार दुर्लभ संस्कृत ग्रंथों के प्रकाशन, थोक खरीद और पुनर्मुद्रण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि वेदों, उपनिषदों और अनगिनत संस्कृत पांडुलिपियों में निहित गहन ज्ञान को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचना चाहिए।

## संस्कृत वैज्ञानिक भाषा, नासा ने इस पर शोधपत्र लिखे हैं: रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दावा किया कि संस्कृत एक ''वैज्ञानिक'' भाषा है और यहां तक कि 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने भी इसे स्वीकार किया है। संस्कृत के संबंध में यह एक ऐसा दावा है, जिसके अक्सर बहुत कम साक्ष्य मिलते हैं। गुप्ता ने राजधानी में आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत शिक्षण पहल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, ''यहां तक कि नासा के वैज्ञानिकों ने भी संस्कृत पर शोधपत्र लिखे हैं और पुष्टि की है कि यह एक वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत में कोडिंग की जा सकती है। संस्कृत कंप्यूटर के लिए सबसे ज्यादा अनुकूल भाषा है।'' गुप्ता ने संभवतः 1985 में जारी शोधपत्र के आधार पर संस्कृत भाषा के संबंध में यह दावा किया है। 'संस्कृत में ज्ञान प्रतिनिधित्व और कृत्रिम बुद्धिमत्ता'



शीर्षक वाले इस शोधपत्र को नासा एम्स रिसर्च सेंटर से जुड़े शोधकर्ता रिक ब्रिग्स ने लिखा था, जिन्होंने यह साबित करने का प्रयास किया था कि ''प्राकृतिक भाषा कृत्रिम भाषा के रूप में भी काम कर सकती है।'' गुप्ता ने कहा कि यह सामाजिक पक्षपात है जो विदेशी भाषाओं में प्रवीणता को बुद्धिमत्ता का संकेत मानता है, जबकि अक्सर संस्कृत को नकार दिया जाता है। उन्होंने कहा, ''यदि हमारे बच्चे फ्रेंच, जर्मन या अंग्रेजी भाषा बोलते हैं तो हम उस बच्चे को बहुत प्रतिभाशाली मानते हैं और इस पर गर्व करते हैं। लेकिन जब कोई बच्चा उसी धाराप्रवाहता से संस्कृत बोलता है तो इसे कोई बड़ी बात नहीं माना जाता।'' गुप्ता ने तर्क दिया कि संस्कृत न केवल भारतीय संस्कृति का आधार है बल्कि कई भारतीय भाषाओं का अभिन्न अंग भी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता ने कहा, ''अगर हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं तो हमें संस्कृत के माध्यम से अधिक ज्ञान अर्जित करना होगा।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### एयर इंडिया की दिल्ली-तेल अवीव उड़ान का अबू धाबी की ओर मार्ग परिवर्तित किया गया

**नयी दिल्ली :** इजराइल के तेल अवीव हवाई अड्डे के पास हुए हवाई हमले के कारण दिल्ली से तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की उड़ान का रविवार को सुरक्षा कारणों से अबू धाबी की ओर मार्ग परिवर्तित किया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमानन कंपनी ने तेल अवीव की उड़ानें छह मई तक निलंबित कर दी हैं। सूत्रों ने बताया कि यह हमला एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई139 के तेल अवीव में उतरने से एक घंटे से भी कम समय पहले हुआ। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा, चार मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 139 का आज सुबह बेन गुरियन हवाईअड्डे पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। बयान में कहा गया, 'उड़ान को अबू धाबी में सुरक्षित उतारा गया और जल्द ही यह दिल्ली वापस लौटेगी। विमानन कंपनी ने कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से उसकी उड़ानें तत्काल प्रभाव से छह मई तक निलंबित रहेंगी।

### फवाद खान, आतिफ असलम, आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारत में रोक

**नयी दिल्ली :** पहलगाम हमले के बाद भारत में फवाद खान, आतिफ असलम और 'सनम तेरी कसम' में अभिनय करने वाली मावरा होकेन तथा जानी-मानी गायिका आबिदा परवीन समेत कई पाकिस्तानी सितारों के इंस्टाग्राम अकाउंट पर रोक लगा दी गई है। भारत में जब इन लोगों के प्रशंसकों ने उनके इंस्टाग्राम पेज पर पहुंचने की कोशिश की तो यह संदेश आया, ''भारत में खाता उपलब्ध नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमने इस सामग्री को प्रतिबंधित करने के कानूनी अनुरोध का अनुपालन किया है।'' फवाद खान लगभग नौ साल बाद फिल्म ''अबीर गुलाल'' के साथ बॉलीवुड में वापसी करने वाले थे, लेकिन हमले के बाद अब इसकी रिलीज अधर में लटक गई है। 'जल बैंड' के पूर्व सदस्य और ''मेरे हमसफर'' के अभिनेता फरहान सईद, मशहूर गीत ''पस-ूरी'' के गायक अली सेठी के अलावा अभिनेत्री सबा कमर (हिंदी मीडियम) और अदनान सिद्दीकी (मॉम) के इंस्टाग्राम अकाउंट भी भारत में अब उपलब्ध नहीं हैं।

### छत्तीसगढ़ में अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए नया सख्त कानून बनाया जाएगा : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में आदिवासियों एवं अन्य लोगों के अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए एक नया सख्त कानून लाएगी। पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में साय ने ऐसे आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से हटाने की भी वकालत की, जो धर्म परिवर्तन करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे धर्म परिवर्तन को रोका जा सकेगा। ''मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारत एक देश धर्मनिरपेक्ष देश है। एक व्यक्ति की आस्था और विश्वास के अनुसार उसके कोई भी धर्म अपनाए जाने में कोई दिक्कत नहीं है।

## कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने हिंदू कार्यकर्ता की हत्या की एनआईए जांच की मांग ठुकराई

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलुरु में हिंदूवादी कार्यकर्ता की हत्या मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मांग रविवार को खारिज कर दी। कुख्यात बदमाश एवं हिंदूवादी कार्यकर्ता शेट्टी की बृहस्पतिवार देर शाम मंगलुरु शहर के बाजपे थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों के एक समूह ने हत्या कर दी थी। परमेश्वर ने यहां संवाददात-ाओं से कहा, ''यह उनकी (भाजपा की) राय है। हमारा मानना है कि हमारी पुलिस अपना काम बहुत अच्छे से कर रही है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और जांच जारी है।'' उन्होंने कहा कि इस समय मामले को एनआईए को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि सरकार की ओर से कोई भी व्यक्ति शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिलने क्यों नहीं गया तो परमेश्वर ने कहा कि शेट्टी के खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। मंत्री ने कहा, ''कृपया जान लें कि यह हत्या का मामला है। उनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज थे। यही कारण है कि सरकार से कोई भी, मेरा मतलब है कि जनप्रतिनिधि, चाहे मैं या कोई और, उनसे नहीं मिला।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि परिवार को न्याय मिले। परमेश्वर ने बताया, ''हमने अपना काम पहले ही कर लिया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।''

## जय शाह परिवार समेत हरिद्वार पहुंचे, गंगा की पूजा-अर्चना की

**हरिद्वार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह रविवार को अपनी मां,पत्नी और बच्चों के साथ हरिद्वार पहुंचे तथा गंगा पूजन किया। देर शाम यहां पहुंचे शाह ने अपने परिवार के साथ हर की पौड़ी पर गंगा जी की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया तथा गंगा तट पर रोजाना होने वाली सायंकालीन गंगा आरती में भाग लिया। गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने बताया कि शाह अपनी मां सोनल, पत्नी ऋषिता, तीनों बच्चों और अन्य परिजनों के साथ यहां आए थे। गंगा आरती के बाद शाह और उनके



परिवार का गंगा सभा के अध्यक्ष गौतम, महासचिव तन्मय वशिष्ठ तथा अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया और उन्हें गंगा जी का प्रसाद भेंट किया। शाह ने गंगा सभा की आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि वह यहां आकर अभिभूत हैं और पांच वर्ष बाद हरिद्वार आए हैं। उन्होंने लिखा कि वह अब हर वर्ष गंगा मां का आशीर्वाद लेने आया करेंगे।

## गुजरात: बेमौसम बारिश से मिली चिलचिलाती गर्मी से राहत, अगले 5 दिनों में और वर्षा की संभावना

**अहमदाबाद :** गुजरात के कई हिस्सों में रविवार को बेमौसम बारिश हुई, जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली। इसी के साथ भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के कई क्षेत्रों में और बारिश होने तथा अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश से भले ही गर्मी से राहत मिली, लेकिन इससे फसलों और खुले में रखी फसलों को नुकसान पहुंचा है, खासकर बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली और गांधीनगर जिलों में फसलें प्रभावित हुई हैं। आईएमडी ने बताया कि अहमदाबाद, बनासकांठा, साबरकांठा, गांधीनगर और मेहसाणा जिलों के अलग-अलग इलाकों में बिजली और गरज के साथ बारिश हुई। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि गुजरात के कई स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, छह मई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने और सात से आठ मई को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा, ''अगले पांच दिनों के दौरान क्षेत्र में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है।''

## पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र की किसी भी कार्रवाई का समर्थन करेगी कांग्रेस : प्रियंका गांधी

**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में केंद्र सरकार की किसी भी कार्रवाई का पूरा समर्थन करेगी। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पहले ही इस रुख की पुष्टि करते हुए एक प्रस्ताव पारित कर दिया है। वायनाड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार पहलगाम हमले के मद्देनजर तेजी से कार्रवाई करेगी प्रियंका ने यहां संवाददाताओं से कहा, '' कांग्रेस पार्टी...सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई और हमने एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में हमने कहा



है कि सरकार जो भी कदम उठाने का फैसला करेगी, हम उसके साथ हैं। और हमें उम्मीद है कि वे जल्द ही कदम उठाएंगे।'' कांग्रेस ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को केंद्र से पाकिस्तान को लगातार आतंक का निर्यात करने के लिए दंडित करने के वास्ते दृढ़ता से काम करने का आग्रह किया और कहा कि यह एक राष्ट्र के रूप में 'पाकिस्तान को सबक सिखाने' के लिए हमारी सामूहिक इच्छाशक्ति दिखाने का समय है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय एकता और दृढ़ संकल्प का आह्वान करते हुए देश के सबसे अधिक सुरक्षा वाले क्षेत्रों में से एक में सुरक्षा और खुफिया जानकारी में 'गंभीर चूक' के लिए 'समयबद्ध जवाबदेही' तय करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। विपक्षी दल ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा पारित एक प्रस्ताव में ये बातें कहीं। सीडब्ल्यूसी की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की, जिसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा महासचिव जयराम रमेश, के सी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## बेंगलुरु में कार्यक्रम के दौरान चार-पांच लड़कों ने मुझे कन्नड़ में गाने के लिए धमकाया: सोनू निगम

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कन्नड़ समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोपों को लेकर अपने खिलाफ प्राथमिकी का सामना कर रहे प्रसिद्ध गायक सोनू निगम ने कहा है कि उन्हें कार्यक्रम के दौरान कुछ लड़कों ने कन्नड़ में गाना गाने के लिए धमकाया था। निगम ने लोगों से आग्रह किया कि वे कुछ लोगों की कृत्य की वजह से पूरे समुदाय को जिम्मेदार ना ठहराएं। बेंगलुरु के अवलहल्ली पुलिस थाने में शनिवार को मशहूर गायक सोनू निगम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोप है कि एक दर्शक द्वारा कन्नड़ में गाने की मांग करने पर उन्होंने जवाब दिया, कन्नड़, कन्नड़... यही तो वजह है पहलगाम वाली घटना की।'' 'कर्नाटक रक्षण वेदिके' (केआरवी) के अध्यक्ष धर्मराज अनंतैया ने अपनी शिकायत में कहा कि निगम ने न केवल कन्नड़ लोगों का अपमान किया है, बल्कि कन्नड़ गीत के अनुरोध को आतंकवादी कृत्य से जोड़कर उनके सांस्कृतिक गौरव और भाषाई पहचान की तुलना हिंसा और असहिष्णुता से की है। सोनू निगम ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके अपना पक्ष रखा। निगम ने कहा, ''वहां चार-पांच गुंडे किस्म के लोग थे जो जोर-जोर से 'कन्नड़-कन्नड़' चिल्ला रहे थे। कुछ लड़कियां उन्हें समझा रही थीं कि ऐसा मत करो, माहौल खराब हो रहा है। मैं उन चार-पांच लोगों को बस ये बताना चाहता था कि पहलगाम में जब आतंकवादियों ने हमला किया था, तब उन्होंने किसी से ये नहीं पूछा था कि वे कौन-सी भाषा बोलते हैं...।''

## राजनाथ सोमवार को जापान के रक्षा मंत्री के साथ वार्ता करेंगे

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को जापान के अपने समकक्ष जनरल नकातानी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। यह वार्ता पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव तथा दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय और जापानी पक्ष मौजूदा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात पर ''विचारों'' का आदान-प्रदान करेंगे तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। वार्ता में पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद पैदा हालात पर भी चर्चा हो सकती है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों पक्षों के बीच भारत-जापान रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के बीच छह महीने के भीतर यह दूसरी बैठक होगी। इससे पहले नवंबर में लाओस में आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान उनकी मुलाकात हुई थी। उस बैठक में, राजनाथ और जनरल नकातानी ने दोनों सेनाओं के बीच अधिक सामंजस्य के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया।

## भारत वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है, पाकिस्तान लगातार संकट का सामना कर रहा: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विभिन्न आर्थिक मापदंडों पर भारत-पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक मानक स्थापित करके आगे बढ़ रहा है, लेकिन पाकिस्तान लगातार संकटों से जूझ रहा है। शर्मा ने



शनिवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे गतिशील और दूरदर्शी देशों में से एक है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान बार-बार संकटों से जूझ रहा है और उसका प्रभाव भी दुनिया में खत्म होता रहा है जबकि भारत विकास, प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता में वैश्विक मानक स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है।'' शर्मा ने कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्तमान में 4.19 हजार अरब अमेरिकी डॉलर है जिससे भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है जबकि पाकिस्तान की जीडीपी केवल 357 अरब अमेरिकी डॉलर है जो महाराष्ट्र जैसे एक राज्य के योगदान से भी कम है।

## वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नयी दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री को अरब सागर में अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुई है। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी। भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के तार 'सीमा पार' से जुड़े



होने का हवाला देते हुए हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का संकल्प लिया है। पिछले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए ''पूरी छूट'' दी। हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपायों की घोषणा की, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कमतर करना शामिल था। जवाब में, पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया तथा किसी तीसरे देश के माध्यम से होने वाले व्यापार सहित भारत के साथ सभी प्रकार का व्यापार बंद कर दिया। ताजा दंडात्मक उपायों के तहत भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के आधार पर तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

## दिल्ली में अवैध तरीके से रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त



(पूर्व) अभिषेक धानिया के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। एक टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया। सूचना के आधार पर टीम ने बाकी महिलाओं को हिरासत में लिया।'' छह महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36), पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इनमें से किसी भी महिला के पास देश में रहने के लिए आवश्यक कोई वैध वीजा, पासपोर्ट या परमिट नहीं था। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को महिलाओं को उनके देश वापस भेजने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। महिलाओं को फिलहाल हिरासत में रखा गया है। यह कार्रवाई शहर में रह रहे अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के लिए जारी अभियान के हिस्से के रूप में की गई है।

## आईआईटी, गुवाहाटी ने शैवाल से हरित ईंधन बनाने के लिए जैव-रिफाइनरी विकसित की

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने अभिनव सूक्ष्म शैवाल जैव-रिफाइनरी मॉडल विकसित किए हैं, जो अपशिष्ट जल को स्वच्छ ऊर्जा में बदल सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह नवोन्मेषी परियोजना बड़े पैमाने पर रिएक्टर प्रणालियों, उन्नत टिकाऊ ताप-रासायनिक रूपांतरण प्रक्रियाओं और हरित रसायन विज्ञान को जोड़ती है, जिससे घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट जल का उपचार करते हुए जैव ईंधन का उत्पादन किया जा सकता है। शोध टीम ने 10 से अधिक सूक्ष्म शैवाल प्रजातियों की पहचान की और उनका आनुवंशिक अनुक्रमण किया, जिससे अपशिष्ट जल से 85 प्रतिशत तक प्रदूषक हटाए जा सकते हैं। रासायनिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर कौस्तुभ मोहंती ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''प्रक्रिया को कुशल और लागत प्रभावी बनाने के लिए हमने बड़े पैमाने पर फोटोबायोरिएक्टर बनाए हैं, जो शैवाल की वृद्धि को अधिकतम करते हैं। टीम ने अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाली एक प्रणाली भी तैयार की है, जो जैव-कच्चा तेल के रूप में है, जो पेट्रोलियम जैसा ईंधन है। इसका उत्पादन करने के लिए एकत्रित शैवाल और सीवेज कीचड़ दोनों का उपयोग किया जाता है।'' उन्होंने कहा, ''यह एक अवधारणा को सिद्ध करने का कार्य है, जहां हमने प्रदर्शित किया है कि कैसे सूक्ष्म शैवाल अपशिष्ट जल को उपचारित कर सकते हैं और साथ ही जैव-रिफाइनरी और 'सर्कुलर बायो-इकोनॉमी' दृष्टिकोण के तहत जैव ईंधन का उत्पादन कर सकते हैं। हमने विभिन्न प्रक्रियाएं भी विकसित की हैं, जहां जैव-रिफाइनरी के तहत उत्पन्न होने वाले सभी ठोस और तरल अपशिष्टों को पुनः चक्रित किया जाता है, पुनः उपयोग किया जाता है और जैव ईंधन में परिवर्तित किया जाता है। अब, हम इस कार्य को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।'' आईआईटी, गुवाहाटी के पीएचडी शोध छात्र और अब एसएसएस-एनआईबीई, कपूरथला में वैज्ञानिक संजीव मिश्रा ने बताया कि शहरीकरण के कारण घरेलू सीवेज में काफी मात्रा में विभिन्न कार्बनिक और अकार्बनिक प्रदूषक शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए, एक ऐसी प्रक्रिया विकसित करना आवश्यक है, जो ऊर्जा सुरक्षा के बढ़ते मुद्दों को सरल और कुशल तरीके से अपशिष्ट जल उपचार के साथ हल कर सके। इस संदर्भ में, सूक्ष्म शैवाल अपशिष्ट जल उपचार एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ प्रक्रिया है, जिसे शैवाल जैव-रिफाइनरी दृष्टिकोण के तहत जैव ईंधन उत्पादन के साथ एकीकृत किया जा सकता है।''

## बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले, चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

**बदरीनाथ :** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद रविवार पुन: श्रद्धालुओं के लिए खोलने के साथ ही पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर मंदिर परिसर में देश-विदेश के करीब 15 हजार श्रद्धालाओं के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट



तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री ने पहली महाभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की और देश व राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया तथा उनसे यात्रा के लिए की गयी व्यवस्थाओं के बारे में राय जानी। कपाट खुलने के दौरान पूरा वाता-वरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

# रसेल की तूफानी पारी से केकेआर की राजस्थान पर रोमांचक जीत



**कोलकाता :** आंद्रे रसेल की तूफानी नाबाद अर्धशतकीय पारी राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग की 95 रन की शानदारी पारी पर भारी पड़ी जिससे गत चैम्पियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां एक रन की रोमांचक जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।जमैका के इस 37 साल के खिलाड़ी ने अपने शुरुआती नौ गेंद में सिर्फ दो रन बनाये थे लेकिन इसके बाद छक्कों और चौकों की बारिश करते हुए 25 गेंद की नाबाद पारी में 57 रन बनाये। उनकी छह छक्के और चार चौकों जड़ित नाबाद पारी से केकेआर ने आखिर पांच ओवरों में 85 रन जोड़े।केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए लीग चरण के अपने सभी मैच जीतने होंगे और टीम ने घरेलू मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद चार विकेट पर 206 रन बनाये।जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम आठ ओवर में 71 रन पर पांच विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी लेकिन कप्तान पराग ने 45 गेंदों में आठ छक्कों और छह चौकों की मदद से अपनी पारी में टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे के गेंदबाजी में चतुराई से परिवर्तनों ने यह सुनिश्चित किया कि पराग अपने पहले शतक से पांच रन दूर रहे।आखिरी ओवर में शुभम दुबे (नाबाद 25) ने वैभव अरोड़ा के खिलाफ दो छक्के और चौका जड़ दिया जिससे राजस्थान को जीत के लिए आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। अरोड़ा ने हालांकि धैर्य बनाये रखा। दुबे ने लॉग ऑफ की तरफ शॉट खेला और दूसरे रन के लिए भागे लेकिन रिंकू सिंह ने गेंदबाज के पास शानदार थ्रो फेंका जिससे जोफ्रा आर्चर रन आउट हो गये और यह रोमांचक मुकाबला केकेआर के नाम हो गया। 11 मैचों में पांचवी जीत से केकेआर की प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई है।

## धोनी का खलील अहमद को गेंद थमाने का फैसला सही था: फ्लेमिंग

**बेंगलुरु :** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया, लेकिन कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग में आगे बढ़ने के लिए और विकल्प तलाशेंगे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया। फ्लेमिंग ने शनिवार रात मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस सत्र में खलील ने हमारे लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए धोनी का उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज को गेंद थमाने का कोई कारण नजर नहीं आता।'

# अर्शदीप के तीन विकेट, प्रभसिमरन का अर्धशतक, पंजाब किंग्स जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची



**धर्मशाला :** अर्शदीप सिंह और अजमतुल्लाह उमरजई की घातक गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को 37 रन से हराकर सत्र की सातवीं जीत दर्ज की। रविवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल के 54वें मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह की 91 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 45 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 236 रन बनाए। यह उनका आईपीएल में चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं, धर्मशाला में टीम ने 2011 के बाद पहली बार 200 का आंकड़ा छुआ है। इससे पहले पंजाब ने आरसीबी के खिलाफ दो विकेट खोकर 232 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर सिर्फ 199 रन ही बना सकी। उनके लिए आयुष बडोनी ने सर्वाधिक 74 रनों की पारी खेली। वहीं, पंजाब के लिए अर्शदीप ने तीन और उमरजई ने दो विकेट झटके। इसके अलावा मार्को यानसेन और युजवेंद्र चहल को एक-एक सफलता मिली। 11 में से सात मुकाबले जीत चुकी पंजाब अंक तालिका में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उनका नेट रन रेट +0.376 हो गया है। वहीं, लखनऊ सत्र की छठी हार के साथ सातवें पायदान पर है। उनके खाते में 10 अंक हैं और नेट रन रेट -0.469 हो गया। शीर्ष पर 16 अंकों के साथ आरसीबी है जबकि मुंबई और गुजरात 14-14 अंकों के साथ क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत खराब हुई थी। टीम ने 58 के स्कोर चार विकेट गंवा दिए थे। एडेन मार्करम (13), मिचेल मार्श (0), निकोलस पूरन (6) और ऋषभ पंत (18) प्रभावित नहीं कर सके। ऐसे में मोर्चा आयुष बडोनी और अब्दुल समद ने संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान समद 24 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, आयुष बडोनी 74 रनों की दमदार पारी खेलने में कामयाब हुए। हालांकि, वह टीम को जीत नहीं दिला सके। आवेश खान और प्रिंस यादव क्रमश: 19 और एक रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले, प्रभसिमरन सिंह की 48 गेंदों में 91 रनों की धमाकेदार पारी के दम पर पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के सामने 237 रन का लक्ष्य रखा था।

## आईपीएल में रियान पराग ने रचा इतिहास, 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने



**कोलकाता :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ छह छक्के लगाकर इतिहास बना दिया। वह आईपीएल में यह कारनामा करने वाले पहले बल्लेबाज हैं। 207 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए रियान ने 8वें ओवर में राजस्थान के 72/5 पर गिरने के बाद, पराग ने अकेले ही रॉयल्स को प्रतियोगिता में वापस लाने का बीड़ा उठाया, उन्होंने खेल के 13वें ओवर में मोईन अली के खिलाफ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। मोईन अली को लगातार पांच गेंदों पर छक्का मारने के बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड बना दिया। पराग ने क्रिस गेल, राहुल तेवतिया और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों की बराबरी की, जिन्होंने आईपीएल में एक मैच के एक ओवर में 5 छक्के लगाए हैं। आरआर के कप्तान 17वें ओवर की चौथी गेंद पर 95 रन बनाकर आउट हो गए। यह आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर था।

## देश में खेल संस्कृति के विकास के साथ भारत की 'सॉफ्ट पावर' बढ़ेगी: मोदी



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश में खेल संस्कृति के जितनी बढ़ेगी, भारत की 'सॉफ्ट पावर' उतनी ही बढ़ेगी और उनकी सरकार 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के सपने को ध्यान में रखते हुए खेल के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस साल के लिए 4,000 करोड़ रुपये के खेल बजट का एक बड़ा हिस्सा इस उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है क्योंकि सरकार देश में दुनिया की सबसे बड़ी प्रतियोगिता लाने के लिए दृढ़ है। मोदी ने ये टिप्पणियां बिहार में खेलो इंडिया युवा खेलों के सातवें चरण के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान कहीं जिसका आयोजन चार से 15 मई तक राज्य के पांच शहरों में किया जाएगा। नयी दिल्ली में भी कुछ स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन के तुरंत बाद प्रसारित अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, 'खेल अब बिहार में एक संस्कृति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## मोदी ने आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी की सराहना की

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महज 14 साल की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शतक जड़ने वाले 'बिहार के बेटे' वैभव सूर्यवंशी की अद्भुत बल्लेबाजी कौशल की तारीफ करते हुए शीर्ष स्तर पर अपनी जगह बनाने के लिए युवाओं को कड़ी मेहनत और प्रतिस्पर्धा करने के लिएरविवार को प्रोत्साहित किया। मोदी ने बिहार में खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) के उद्घाटन के दौरान अपने वीडियो संबोधन में सूर्यवंशी की बल्लेबाजी का जिक्र किया। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले ने हाल ही में आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में शानदार शतक जड़कर क्रिकेट जगत में धूम मचा दी थी।

## रसेल छह साल और खेलना चाहते हैं: वरुण चक्रवर्ती

**कोलकाता :** आलोचनाओं से घिरे जमैका के स्टार आंद्रे रसेल ने रविवार को मैच विजयी पारी खेलकर आलोचकों को चुप करा दिया और उनके साथी वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर छह साल और आईपीएल में खेलना चाहते हैं। हाल में 37 साल के हुए रसेल इस सत्र में अपनी खराब फॉर्म के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए थे जिन्हें जब मेगा नीलामी से पहले गत चैंपियन ने उन्हें तीन साल के लिए 12 करोड़ रुपये में खरीदा था। सात पारियों में 10.28 की औसत से सिर्फ 72 रन बनाने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लगे थे। हालांकि रविवार को जमैका के इस खिलाड़ी ने 25 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाकर सभी को चुप दिया जिससे केकेआर को ईडन गार्डन्स में जीत के लिए जरूरी मुकाबले में चार विकेट पर 206 रन का स्कोर बनाने में मदद मिली।

## महिला त्रिकोणीय श्रृंखला: श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से हराया



### निलाक्षिका ने श्रीलंका को सात साल में भारत पर पहली जीत दिलाई

**कोलंबो :** श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से सुगंधिका कुमारी और कप्तान चामरी अटापट्टू ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए। भारत की तरफ से सीनियर ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने 45 रन देकर तीन विकेट चटकाए।



## सीतारमण 58वीं एडीबी वार्षिक बैठक के लिए मिलान रवाना



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' की 58वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। यह बैठक चार से सात मई को इटली के मिलान में हो रही है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि बैठकों में एडीबी के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल, एडीबी सदस्यों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।वित्त मंत्री वार्षिक बैठक के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे 'गवर्नर्स बिजनेस सेशन', 'गवर्नर्स प्लेनरी सेशन' में भाग लेंगी तथा 'भविष्य की मजबूती के लिए सीमापार सहयोग' पर एडीबी गवर्नर्स सेमिनार में पैनेलिस्ट के रूप में भाग लेंगी।एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के अवसर पर, वह एडीबी के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष तथा जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग बैंक (जेबीआईसी) के गवर्नर के साथ बैठकों के अलावा इटली, जापान और भूटान के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी।

# अदाणी पोर्ट्स का ध्यान समुद्री, लॉजिस्टिक्स और कृषि-लॉजिस्टिक्स कारोबार को बढ़ाने पर: करण अदाणी



**नयी दिल्ली :** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक ज़ोन (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह परिचालक अपने समुद्री, लॉजिस्टिक और कृषि-लॉजिस्टिक कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।अदाणी ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी एपीएसईजेड विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह में दूसरे चरण में 13,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे इस गहरे पानी वाले बंदरगाह की माल ढुलाई क्षमता मौजूदा 12 लाख टीईयू (बीस फुट समकक्ष इकाइयों) से बढ़कर 2028 तक लगभग 50 लाख टीईयू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो मई को विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 8,867 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, एप-ीएसईजेड के भीतर, हमारे पास तीन बड़े कारोबारी क्षेत्र-समुद्री व्यवसाय, लॉजिस्टिक्स व्यवसाय और कृषि-लॉजिस्टिक्स व्यवसाय हैं, जिनपर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि एपीएसईज़ेड देश में समुद्री व्यापार में सबसे बड़ी संचालक है। अदाणी ने कहा, अब विचार यह है कि भारत के भीतर और साथ ही भारत के बाहर भी उस (समुद्री व्यापार) व्यवसाय को बढ़ाया जाए। लॉजिस्टिक्स के मामले में, अदाणी ने कहा कि एपीएसईज़ेड बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क बनाने पर विचार कर रही है, जैसा अदाणी समूह ने बंदरगाहों में किया है।उन्होंने कहा, हम बड़े, बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क बनाना चाहते हैं, और फिर मात्रा बढ़ाने के साथ-साथ दक्षता बढ़ाने में मदद करना चाहते हैं।कृषि-लॉजिस्टिक्स कारोबार का उल्लेख करते हुए, अदाणी ने कहा कि आज भारत में जो अनाज संग्रहीत किया जाता है, उसका भंडारण उचित तरीके से नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा, इसलिए हम साइलो बनाने और उन्हें संग्रहीत करने पर विचार कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह एपीएसईजेड के अन्य बंदरगाहों से किस तरह अलग है, अदाणी ने बताया कि अदाणी समूह के बंदरगाह मुख्य रूप से घरेलू माल और आयात-निर्यात माल का कारोबार करते हैं, उनमें से कोई भी पारगमन वाली वस्तुओं का कारोबार नहीं करता है।

## चालू वित्त वर्ष में एक प्रतिशत से अधिक आरओए सुनिश्चित किया जाएगा: एसबीआई चेयरमैन



**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि बैंक चालू वित्त वर्ष के दौरान ब्याज दरों में गिरावट की चुनौतियों के बावजूद अपनी परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) एक प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित करेगा। आरओए एक लाभप्रदता अनुपात है जो दर्शाता है कि कोई कंपनी अपनी परिसंपत्तियों से कितना लाभ कमा सकती है।उन्होंने कहा कि वर्ष के दौरान रेपो दर में और कटौती होगी, जिससे शुद्ध ब्याज मार्जिन पर दबाव पड़ेगा। जमा पक्ष पर दरों का पुनर्गठन होगा, क्योंकि इसके बिना प्रभावी मौद्रिक संचरण संभव नहीं होगा। एसबीआई के तिमाही आंकड़ों की घोषणा के बाद विश्लेषकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जमा पर ब्याज दरों का पुनर्गठन मोटे तौर पर रेपो दर में कटौती के अनुरूप हो, ताकि मार्जिन सुरक्षित रहे।उन्होंने कहा, हम अभी भी चालू वित्त वर्ष के लिए एक प्रतिशत आरओए लक्ष्य बनाए रखने में सक्षम होंगे... हमारा लक्ष्य व्यापार चक्रों के माध्यम से लगातार 15 प्रतिशत से अधिक आरओई (रिटर्न ऑन इक्विटी) हासिल करना है।पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में बैंक का आरओए 1.04 प्रतिशत से बढ़कर 1.10 प्रतिशत हो गया, जबकि इस दौरान आरओई 20 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहा।

## अंगोला के राष्ट्रपति ने भारतीय कंपनियों को निर्यात अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया



**नयी दिल्ली :** अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको ने रविवार को भारतीय उद्योगों को उनके देश में ऐसे अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया, जो अफ्रीकी राष्ट्र को उनकी निर्यात रणनीतियों के केंद्र में रख सकें। उन्होंने कृषि, फार्मास्युटिकल और नवीकरणीय ऊर्जा सहित आपसी सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।वर्तमान में भारत की यात्रा पर आए गोंसाल्वेस ने दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एएफसीएफटीए) के माध्यम से क्षेत्रीय बाजारों तक विशेष पहुंच के साथ अंगोला की रणनीतिक स्थिति पर प्रकाश डाला।वह यहां भारत-अंगोला व्यापार मंच को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अंगोला और भारत के बीच संबंध एक ठोस कानूनी और संस्थागत आधार पर बने हैं, जो दशकों के सहयोग से विकसित हुए हैं। स्वास्थ्य, ऊर्जा, वित्तीय सेवाओं और कूटनीतिक गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में मौजूदा द्विपक्षीय समझौते एक संरचित, पारदर्शी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।राष्ट्रपति ने कहा, हम भारतीय उद्यमियों को इन लॉजिस्टिक्स अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो अंगोला को अफ्रीका और व्यापक विश्व, दोनों के लिए अपनी निर्यात रणनीतियों के केंद्र में रख सकते हैं। उन्होंने सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बात की, जिसमें फार्मास्युटिकल उद्योग, कृषि क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र शामिल हैं।

## तेजस ने 7,492 करोड़ रुपये के बीएसएनएल सौदे के तहत दूरसंचार गियर की आपूर्ति पूरी की




**नयी दिल्ली :** टाटा समूह की दूरसंचार उपकरण कंपनी तेजस नेटवर्क्स ने अगस्त, 2023 में दिए गए सौदे के तहत 4जी और 5जी सेवाओं के लिए एक लाख स्थल स्थापित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल को दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति पूरी कर ली है। कंपनी ने यह जानकारी दी।तेजस नेटवर्क्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) आनंद अथरेया ने हाल ही में कंपनी के तिमाही आंकड़ों की घोषणा के मौके पर कहा, हमने बीएसएनएल 4जी/5जी नेटवर्क के लिए 100,000 से अधिक साइट भेजी हैं। यह रिकॉर्ड समय में वितरित दुनिया के सबसे बड़े एकल-विक्रेता आरएएन नेटवर्क में से एक है। इसलिए मुझे लगता है कि मुझे टीम पर बहुत गर्व है और साथ ही टीसीएस, सी-डॉट और हमारे ग्राहक बीएसएनएल के संघ पर भी, जिन्होंने वास्तव में इसे संभव बनाने में हमारी मदद की।कंपनी ने टीसीएस के नेतृत्व वाले संघ के हिस्से के रूप में व्यापक परीक्षण पूरा करने के बाद 7,492 करोड़ रुपये का सौदा हासिल किया। बीएसएनएल के जून में अपनी 4जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। हालांकि, निजी दूरसंचार कंपनियां 4जी सेवाएं लगभग नौ साल पहले ही शुरू कर चुकी हैं। इसके बाद बीएसएनएल नेटवर्क को 5जी सेवाओं में उन्नत करने की योजना है।कंपनी ने मार्च तिमाही के दौरान लगभग 72 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा और परिचालन आय 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,907 करोड़ रुपये दर्ज की। पिछले वित्त वर्ष के लिए, तेजस नेटवर्क्स का एकीकृत लाभ कई गुना वृद्धि के साथ 446.53 करोड़ रुपये और परिचालन आय तीन गुना से अधिक की वृद्धि के साथ 8,923 करोड़ रुपये रही थी।

## सैमसंग ने सीईएसटीएटी में 50 करोड़ डॉलर के जुर्माने को चुनौती दी

**नयी दिल्ली :** प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स सैमसंग इंडिया ने सरकारी अधिकारियों द्वारा उस पर लगाए गए 50 करोड़ डॉलर से अधिक के जुर्माने को चुनौती देते हुए सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) का दरवाजा खटखटाया है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों ने इसी साल सैमसंग पर नेटवर्किंग गियर सहित दूरसंचार उपकरणों के आयात को कथित रूप से गलत तरीके से वर्गीकृत करने के लिए 50 करोड़ डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया था।सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सैमसंग इंडिया ने उक्त आदेश को अपीलीय न्यायाधिकरण सीईएसटीएटी की मुंबई पीठ के समक्ष चुनौती दी है। पीटीआई ने इस मुद्दे के संबंध में सैमसंग को ईमेल के माध्यम से प्रश्न भेजे हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह याचिका लॉ फर्म लक्ष्मीकुमारन एंड श्रीधरन के माध्यम से अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष पेश की गई है। याचिका अभी तक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है।उन्होंने कहा कि यह मामला सीईएसटीएटी पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आ सकता है। सैमसंग ने ये नेटवर्क उपकरण प्रमुख दूरसंचार प्रदाता रिलायंस जियो को आपूर्ति किए हैं, जो अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का हिस्सा है।

## अग्रिम कर देने वाले शीर्ष करदाताओं पर नजर रखे, फर्जी दावों की जांच करे आयकर विभाग: सीबीडीटी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में सुधार की रणनीति के तहत अग्रिम कर जमा करने वाले शीर्ष करदाताओं पर 'बारीकी से' नजर रखने और छूट एवं कटौती के फर्जी दावों की पहचान करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विभाग के लिए नीति बनाने वाली इकाई सीबीडीटी ने हाल ही में 2025-26 के लिए केंद्रीय कार्ययोजना (सीएपी) जारी की है जो राजस्व संग्रह कार्य के संबंध में विभाग के लिए 'प्रमुख प्रदर्शन क्षेत्रों' को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है।फरवरी में पेश बजट अनुमानों के अनुसार, केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष करों के तहत आयकर विभाग के लिए 25.20 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। इस राशि में कॉरपोरेट कर के तहत 10,82,000 करोड़ रुपये, गैर-कॉरपोरेट कर के तहत 13,60,000 करोड़ रुपये (व्यक्तिगत आयकर और अन्य शामिल हैं) और प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से 78,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में कुछ मुद्दे अभी भी अनसुलझे

**नयी दिल्ली : भारत** और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) समेत तीन समझौतों पर बातचीत पूरी होने में कुछ और समय लग सकता है, क्योंकि दोनों पक्षों को अभी कुछ लंबित मुद्दों को सुलझाना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन तीन समझौतों पर बातचीत चल रही है, उनमें चार या पांच मुद्दे हैं। जिन तीन समझौतों पर बातचीत चल रही है, वे हैं - एफटीए, द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईटी) और सामाजिक सुरक्षा समझौता (आधिकारिक तौर पर डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट)। पिछले सप्ताह लंदन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के बीच हुई बैठकों के दौरान वार्ता की प्रगति की समीक्षा की गई।एक सूत्र ने कहा, कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। कुछ और बैठकें होंगी। जिन मुद्दों पर कुछ और चर्चा की आवश्यकता हो सकती है, उनमें बीआईटी में सनसेट क्लॉज, ब्रिटेन का नया कार्बन कर और डेटा स्थानीयकरण शामिल हैं। दोनों पक्ष 29 अप्रैल को लंदन में इन वार्ताओं के समापन की घोषणा करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अंतिम समय में मतभेद उभर आए। गोयल ने 29 अप्रैल को लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी की।

वर्ष 10, पूर्णांक 4226 अंक 036, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in